हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • रविवार • 08 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 95 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सिरोडाबर पंचायत के उप सरपंच के आकस्मिक निधन पर ग्रामीणों में शोक

**रजौली।** रजौली प्रखंड के सिरोडाबर पंचायत के उप सरपंच संजय शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी मौत की खबर से ग्रामीणों में शोक की लहर है। उप सरपंच अपने पीछे पत्नी पिंकी कुमारी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह संजय शर्मा की तबियत अचानक बिगड़ गई। उन्हें रजौली स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. हिमांशु कुमार ने बताया कि बलिया गांव निवासी स्व. अमीरक शर्मा के पुत्र संजय शर्मा को इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। मरीज को सांस लेने में दिक्कत व सीने में दर्द आदि था,जिनका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। संजय शर्मा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया। शनिवार को ही उनका अंतिम संस्कार गांव में किया गया। उप सरपंच संजय शर्मा के निधन पर ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि संजय शर्मा एक अच्छे इमानदार और मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी मौत से गांव में शोक की लहर है। संजय शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी पिंकी कुमारी, 17 वर्षीय बेटी संजना शर्मा, 15 वर्षीय बेटी संगीत शर्मा और 13 वर्षीय बेटा अभिषेक राज शर्मा हैं। उनकी मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### उमेश कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**कौआकोल।** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष पद पर विधायक उमेश कुशवाहा के फिर से निर्वाचन किये जाने के बाद प्रखण्ड जदयू नेताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दिया है। जदयू सह प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने उमेश कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि पार्टी और संगठन की मजबूती और तेजी से होगी। जदयू नेता शिवबालक प्रसाद,सुशील उर्फ सोनु साहू,ओमप्रकाश चौहान आदि ने भी प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को बनने पर खुशी जताया है।

### लक्ष्य के अनुरुप नही हुई धान की अधिप्राप्ति

**नारदीगंज( नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड में लक्ष्य के अनुरुप धान की अधिप्राप्ति नहीं हो सकी। इस प्रखंड के 4600 सौ मैट्रिक टन धान खरीदी करने का लक्ष्य निर्धारित था। जिसमे सभी पैक्सों से 28 फरवरी 2026 तक 4500 सौ मैट्रिक टन पंजीकृत किसानों से खरीदारी हुई है। बीते 15 नवम्बर 2025 से धान खरीदारी करने का विभागीय निर्देश था। बीसीओ दीपक सक्सेना कहते हैं कि कहुआरा और इचुआकरना पंचायत में पैक्स लक्ष्य से थोड़ा पीछे रह गए हैं। बीसीओ कहते हैं कि यहां सभी पैक्सों से धान अधिप्राप्ति की गई है। 28 फरवरी 2026 निर्धारित किया था, परंतु उक्त तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च 2026 कर दिया गया है। हालांकि लक्ष्य में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की गई है। इधर,व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार, पैक्स अध्यक्ष सिधेश्वर यादव,पैक्स अध्यक्ष श्रवण कुमार कहते हैं कि जब सरकार और विभाग ने पंजीकृत किसानों से धान अधिप्राप्ति के लिए तिथि बढ़ा दिया है तो लक्ष्य भी बढ़ना चाहिए था, क्योंकि अभी तक किसान धान लेकर पैक्स गोदाम में आ रहे है। वह पैक्स में बिक्री करना चाह रहे हैं। तब उन्हें जबाब मिल जा रहा है। यहां अब लक्ष्य नहीं बढ़ाया गया है। ऐसे में किसान मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। इस बाबत किसानों ने भी लक्ष्य बढ़ाने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

### जनता दरबार आयोजित कर की गई सुनवाई




**केसरिया, पू.च।** अंचल कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जमीन से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। सीओ पूनम मिश्रा, आरओ विजय कुमार तथा एसआई रामशरण पासवान की मौजूदगी में करीब आधा दर्जन मामलों पर विचार किया गया। नयागांव से एक व्यक्ति ने भूमि विवाद से संबंधित आवेदन देकर मामले के समाधान की मांग की। इस पर सीओ ने विपक्षी पक्ष को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा दाखिल-खारिज तथा अन्य राजस्व संबंधी मामलों से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए।अधिकारियों ने सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जनता दरबार में आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू की गई। प्रधान सहायक वीरेंद्र कुमार, आईटी सहायक विश्वजीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता इश्तियाक आलम की ओर से दावते इफ़्तार का शानदार आयोजन

**मेहसी (पूर्वी चंपारण)।** सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम को बढ़ावा देने तथा ईश्वर की कृपा पात्र बनने के लिए चंपारण के यूथ आइकॉन और सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड इश्तियाक आलम की ओर से चकिया के कुअवां में उनके पैतृक आवास पर दावते इफ़्तार का शानदार आयोजन किया गया जिसमें लगभग पांच सौ लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफ़ल बनाया। कामरेड इश्तियाक आलम और कामरेड मुश्ताक आलम लॉक डाउन के समय से ही सामाजिक कार्यों मे बढ़ चढ़ कर रुची लेते हैं और जरूरतमंदों की हर प्रकार की मदद करते हैं।इस इफ़्तार पार्टी में कामरेड मुश्ताक आलम, राष्ट्रीय जनता दल के नेता फ़रोग आलम जामी, सामाजिक कार्यकर्ता वसीम अख्तर, सामाजिक कार्यकर्ता चुन्नू नेता और हसरत अली ने अहम भूमिका अदा की। इस दावते इफ़्तार में चकिया के प्रमुख चिकित्सक डॉ एम इलयास, जद यू के नेता डॉ आसिफ हुसैन,सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार हामिद रज़ा, शाहिद रज़ा, शहाब आलम,मौलाना आदिल मिस्बाही, हाफ़िज़ नासिर साहब, मास्टर फारूक अंसारी आदि गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की । दावते इफ़्तार में शामिल होने वाले रोजेदारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कामरेड इश्तियाक आलम और कामरेड मुश्ताक आलम ने आभार व्यक्त किया है।

### मदनपुर देवी स्थान में सुविधाएं बढ़ाने की मांग, विधायक ने पर्यटन मंत्री को भेजा प्रस्ताव

**बगहा ( नगर संवाददाता)।** वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र कुशवाहा ने बगहा-2 प्रखंड स्थित मदनपुर देवी स्थान के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए पर्यटन विभाग को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने इस संबंध में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री को पत्र लिखकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।विधायक ने बताया कि मदनपुर देवी स्थान क्षेत्र का प्राचीन और आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यहां रोजाना करीब दो से तीन हजार लोग माता के दर्शन के लिए आते हैं, जबकि नवरात्रि के दौरान यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पड़ोसी राज्य Uttar Pradesh से भी पहुंचते हैं। पत्र में विधायक ने कहा कि श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के बावजूद मंदिर परिसर और आसपास पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में यहां पेयजल व्यवस्था, मंदिर तक पहुंचने के लिए पीसीसी सड़क निर्माण, जल निकासी के लिए पक्के नाले और मुख्य मार्ग पर हाईमास्ट व एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि यदि इन योजनाओं को लागू किया जाता है तो श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक ने पर्यटन विभाग से इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने की मांग की है।



# चापाकल मरम्मति दल को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश द्वारा चापाकल मरम्मति दल को सभी 14 प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जिला पदाधिकारी ने बताया कि यह दल जिले के सभी 14 प्रखंडों में सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, ताकि कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। जहां भी सार्वजनिक चापाकलों में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी होगी, मरम्मति दल द्वारा उसे तत्काल ठीक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मरम्मति दल के सभी वाहनों पर कंट्रोल रूम का नंबर तथा संबंधित अभियंताओं का मोबाइल नंबर अंकित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी संबंधित नंबर उपलब्ध हैं। यदि कहीं भी किसी सार्वजनिक चापाकल के खराब होने की शिकायत होती है, तो संबंधित व्यक्ति कंट्रोल रूम नंबर पर इसकी सूचना दे सकते हैं। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के ऐप पर भी चापाकल की समस्या को जियो-टैग कर दर्ज किया जा सकता है।

**संपर्क हेतु प्रखंडवार पदाधिकारियों के मोबाइल नंबर निम्नलिखित हैं :**

प्रखंड नवादा, नरहट, हिसुआ एवं नारदीगंज

सहायक अभियंता – श्री ओम प्रकाश कुमार (मो0- 9823612766)

प्रखंड नवादा – कनीय अभियंता श्रीमती विजेता कुमारी (मो0-6200298561)

प्रखंड नरहट – कनीय अभियंता श्रीमती कुन्ती कुमारी (मो0-6201207731)

प्रखंड हिसुआ – कनीय अभियंता श्री दिनेश कुमार (मो0-840946703)

प्रखंड नारदीगंज – कनीय अभियंता श्री सुनील कुमार (मो0-6200085749)

प्रखंड वारिसलीगंज, काशीचक, कौआकोल एवं पकरीबरावां

सहायक अभियंता – श्री सत्य प्रकाश (मो0- 8544428652)

वारिसलीगंज – कनीय अभियंता श्री राजकुमार पासवान (मो0-9905902933)

काशीचक – कनीय अभियंता कुमार अश्विनी आनंद (मो0-9546867320)

कौआकोल – कनीय अभियंता सुश्री प्रिया सोनी (मो0-8544428711)

पकरीबरावां – कनीय अभियंता श्री अश्विनी आनंद (मो0-9546867320)

प्रखंड गोविंदपुर, रोह एवं अकबरपुर

सहायक अभियंता – श्री पिन्स कुमार (मो0- 8544428654)

गोविंदपुर – कनीय अभियंता श्री संजीत कुमार सक्सेना (मो0-7004058855)

रोह – कनीय अभियंता मो0 दिलसाद (मो0- 7217853507)

अकबरपुर – कनीय अभियंता श्री संजीत कुमार सक्सेना (मो0-7004058855)

प्रखंड मेसकौर, सिरदला एवं रजौली

सहायक अभियंता – श्री अजय कुमार सिंहा (मो0- 8544428653)

मेसकौर – कनीय अभियंता श्री अभिषेक कुमार (मो0-7050878891)

सिरदला – कनीय अभियंता श्री सोनु कुमार (मो0- 6206449981)

रजौली – कनीय अभियंता श्री सतेन्द्र कुमार (मो0- 8229071151)

पेयजल की समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा के कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 06324-210036 है,जिस पर पेयजल से संबंधित शिकायत समय पूर्वाहन 08:00 से अपराहन 06:00 तक दर्ज करायी जा सकती है।

इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा सुजीत कुमार, कनीय अभियंता विजेता कुमारी, कुन्ती कुमारी, दिनेश कुमार, अश्विनी आनंद, संजीत कुमार सक्सेना, मो. दिलशाद, अभिषेक कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# रजौली जांच चौकी पर उमड़ा चालकों का हुजूम, आरटीओ से मिलकर अवैध वसूली पर जताई कड़ी आपत्ति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार में वाहन चालकों के अधिकारों की आवाज बुलंद करते हुए ड्राइवर एसोसिएशन बिहार के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार और प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रंजन कुमार के नेतृत्व में दर्जनों चालकों ने रजौली जांच चौकी पर दस्तक दी। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान चालकों ने अपनी लंबित मांगों और सड़कों पर हो रही व्यवहारिक समस्याओं को आरटीओ संदीप कुमार के समक्ष विस्तार से रखा। बैठक की शुरुआत एक सकारात्मक माहौल में हुई, जहां आरटीओ संदीप कुमार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, जिससे प्रशासन और चालकों के बीच संवाद की एक नई पहल देखने को मिली।



जांच चौकी पर आरटीओ के साथ ड्राइवर एसोसिएशन के पदाधिकारी

**मैकेनिकल जांच के नाम पर 'अवैध वसूली' का मुद्दा गरमायाः** प्रतिनिधिमंडल ने बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि वे मोटर व्हीकल एक्ट के तहत होने वाली किसी भी वैध कानूनी कार्रवाई के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन 'मैकेनिकल' के नाम पर की जा रही अवैध वसूली अब बर्दाश्त से बाहर है। प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए सवाल उठाया कि जब वाहन अंडरलोड होते हैं और माल को जंजीरों से बांधकर पूरी सुरक्षा के साथ लाया जाता है, तो इसके बावजूद पांच से दस हजार रुपये तक की अतिरिक्त मांग क्यों की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से पहले ही शिकायत की जा चुकी है और इसी मुद्दे पर पूर्व में डोभी बॉर्डर को भी जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

**नियमों की आड़ में चालकों का उत्पीड़न और भविष्य का संघर्षः** भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होते हुए मीडिया प्रभारी रवि रंजन कुमार ने प्रशासन को सीधी चुनौती दी कि यदि गाड़ी ओवरलोड है, तो उसका विधिवत कांटा करवाकर चालान काटा जाए, न कि दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों को मैकेनिकल जांच के बहाने परेशान किया जाए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि जांच चौकियों पर इस तरह की मनमानी पर रोक लगाने की बात कही गई है, फिर भी जमीनी स्तर पर वसूली जारी है। अपनी मांगों को लेकर आरपार की लड़ाई का ऐलान करते हुए एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि आगामी नौ मार्च को बिहार के सभी जिलों में एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, ताकि सरकार और प्रशासन उनकी जायज मांगों पर ठोस कार्रवाई करें।

# बाल महासंग्राम क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर में शनिवार को समारोह का आयोजन कर बाल महासंग्राम क्वीज प्रतियोगिता में सफल हुए एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजनकर्ता टीम के सदस्य हरेराम कुमार और प्रसेनजीत प्रसाद ने बताया कि 20 फरवरी 2026 को प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 350 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रथम विजेता राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर के आदर्श राज,द्वितीय विजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरगपुर के पीयूष कुमार तथा तृतीय विजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय के खुशी कुमारी बनें। जिन्हें विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में स्थानीय सरपंच अर्जुन साव के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जबकि प्रतियोगिता में सफल टॉप टेन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार,प्रीतम,विवेक,प्रशान्त,सुमन आदि मौजूद रहे।

# मॉर्निंग वॉक में विधायक विजय खेमका ने सुनी लोगों और खिलाड़ियों की समस्याएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ **ध्रुव उद्यान में पेयजल, जिम उपकरण, म्यूजिक सिस्टम व साफ-सफाई की व्यवस्था बहाल करने का निर्देश, खेल सुविधाओं के विस्तार की भी घोषणा**

**पूर्णिया ।** पूर्णिया शहर के ध्रुव उद्यान और जिला स्कूल खेल मैदान में मॉर्निंग वॉक के दौरान विधायक विजय खेमका नागरिकों और खिलाड़ियों की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने जिला फॉरेस्ट अधिकारी को ध्रुव उद्यान में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जिम उपकरणों की मरम्मत कराने, पूर्ववत म्यूजिक सिस्टम बहाल करने तथा समुचित साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने उद्यान में निर्माणाधीन बोटिंग पोंड और अन्य सुविधाओं का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा, ताकि यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद महिला-पुरुषों और युवाओं ने पूर्णिया में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक विजय खेमका ने कहा कि ध्रुव उद्यान को पर्यटन और मनोरंजन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही पूर्णिया में खेल के क्षेत्र में भी तेजी से विकास हो रहा है।

उन्होंने बताया कि रंगभूमि मैदान के पास स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा जिला स्कूल खेल मैदान में फुटबॉल ग्राउंड सहित अन्य आधुनिक खेल मैदानों का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए डीएसए ग्राउंड और रंगभूमि मैदान को भी सुविधायुक्त बनाया जाएगा। विधायक ने कहा कि पूर्णिया में मखाना बोर्ड का मुख्यालय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बने, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

# जनता दरबार में भूमि विवाद के दो पुराने मामलों का हुआ सफल निपटारा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय रजौली स्थित सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी और पुलिस प्रशासन की संयुक्त मौजूदगी में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए भूमि संबंधी विवादों की गहन सुनवाई की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी ने की, जबकि पुलिस विभाग का प्रतिनिधित्व एसआई सचिन कुमार ने किया। जनता दरबार के दौरान अंचलाधिकारी ने बारी-बारी से उभय पक्षों की दलीलें सुनीं और दस्तावेजों की बारीकी से जांच करने के बाद वर्षों से लंबित दो जटिल मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर दिया। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि अंगैया मौजा के अंतर्गत राम नरेश पासवान और उषा देवी के बीच जमीन के मालिकाना हक यानी स्वामित्व को लेकर लंबे समय से खींचतान चल रही थी, जिसे आपसी सहमति और कानूनी आधार पर सुलझा लिया गया है। वहीं, एक अन्य मामले में महसई मौजा की रबीया खातून और मोहम्मद मुमताज के बीच जमीन पर दखल-कब्जे को लेकर चल रहे विवाद को भी प्रशासन की मध्यस्थता से पूरी तरह समाप्त कर दिया गया। दोनों ही पक्षों ने अधिकारियों के निर्णय को सहर्ष स्वीकार किया, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था और भूमि सुधार की दिशा में एक सकारात्मक संदेश गया है। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से न्याय की उम्मीद लगाए पहुंचे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।




जनता दरबार में मामलों को सुनते सीओ व एसआई

# बोले मंत्री श्रवण कुमार- पार्टी में आज शामिल होंगे निशांत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** बिहार की राजनीति में एक बड़े बदलाव और 'पीढ़ी परिवर्तन' के संकेत मिलने लगे हैं। बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय में आज आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने दो बड़े खुलासे किए। मंत्री श्रवण कुमार ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार कल (रविवार) विधिवत रूप से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में शामिल होने जा रहे हैं। वहीं, सांसद कौशलेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री की राज्यसभा जाने की व्यक्तिगत इच्छा की पुष्टि कर सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है।

**कल पार्टी की सदस्यता लेंगे निशांत कुमारः** ट्राई साइकिल वितरण समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि निशांत कुमार युवा हैं, पढ़े-लिखे हैं और उनके अंदर काम करने का उत्साह है। बिहार के लोग लंबे समय से उन्हें राजनीति में देखना चाहते थे। कल वे पार्टी की सदस्यता लेंगे, जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी में शामिल होने के बाद बड़े नेता मिल-बैठकर तय करेंगे कि उन्हें क्या जिम्मेदारी दी जाए। वहीं, सांसद कौशलेंद्र कुमार ने निशांत को डिप्टी सीएम बनाए जाने की चर्चाओं पर कहा कि अगर ऐसा होता है तो हम सभी उनके साथ हैं और पार्टी अनुशासन में रहकर काम करेंगे।



**नीतीश कुमार की राज्यसभा जाने की इच्छाः** सांसद कौशलेंद्र कुमार ने एक बयान देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद अपनी इच्छा जाहिर की है कि वे अब राज्यसभा जाना चाहते हैं। सांसद के अनुसार, नीतीश का मानना है कि उन्होंने विधानसभा, विधान परिषद और लोकसभा का अनुभव ले लिया है, अब वे उच्च सदन (राज्यसभा) जाना चाहते हैं। सांसद ने भरोसा दिलाया कि नीतीश कुमार दिल्ली में रहें या कहीं भी, वे बिहार की हिफाजत और विकास के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे।

**शराबबंदी और नीतियों पर कोई समझौता नहींः** मंत्री श्रवण कुमार ने शराबबंदी को लेकर उठ रहे सवालों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि भले ही भविष्य में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में न रहें, लेकिन उनकी नीतियों और अरमानों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि शराबबंदी ने बिहार के बच्चों का चरित्र सुधारा है। वहीं सांसद ने कहा कि राजस्व के लिए समाज में बुराई नहीं फैलाई जा सकती। शराबबंदी के कारण ही आज बिहार के बच्चे यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में टॉप कर रहे हैं।

**दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरणः** इससे पहले, अतिथियों ने प्रखंड कार्यालय में 10 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया और हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। मंत्री ने घोषणा की कि अब ट्राई साइकिल वितरण के लिए कोई सीमित लक्ष्य नहीं है; जो भी दिव्यांग चलाने में सक्षम हैं, उन सभी को सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर बिहारशरीफ बीडीओ, अंचलाधिकारी, जदयू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव, जयंत कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 09

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**टी-20 वर्ल्डकप का फाइनल आज, अहमदाबाद की पिच भी सेमीफाइनल की तरह बैटिंग...**

देश

**एसआईआर में लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाने के खिलाफ सीएम ममता ने शुरू किया धरना**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • रविवार • 08 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 95 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,50,000 | ₹ 2,85,000 |

## आज का इतिहास

**1961 :** भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनोमिक टाइम्स' टाइम्स आफ इंडिया समूह द्वारा बॉम्बे में लॉन्च हुआ।

**2009 :** भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएँ देने के बाद स्किंग-विंग लड़ाकू विमान मिग-23 ने अन्तिम उड़ान भरी।

## न्यूज बाइट्स

### एसएसबी को सुपौल में 38 डिसमिल जमीन आवंटित

**पटना (नि.सं.)।** राज्य सरकार ने सुपौल में सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षण केंद्र के लिए 38 डिसमिल जमीन देने की मंजूरी दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार, यह भूमि किशनपुर अंचल में 10 साल के लिए दी जा रही है। इससे जवानों को सुरक्षित वातावरण में फायरिंग का अभ्यास करने की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार ने सुपौल स्थित सशस्त्र सीमा बल के भर्ती एवं प्रशिक्षण केन्द्र में 100 मीटर सेमी इंडोर बफर रेंज निर्माण के लिए 38 डिसमिल जमीन देने की स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि सुपौल जिले के किशनपुर अंचल, मौजा-आसनपुर कुपहा में 10 साल के लिए दिया जा रहा है।

### समय से पहले बढ़ी गर्मी, लू के आसार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में इस वर्ष मार्च की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। राजधानी पटना सहित राज्य के अधिकांश जिलों में इन दिनों सामान्य से 3 से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू की आशंका बढ़ गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार मोतिहारी में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस और पटना में 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। तापमान में इस असामान्य बढ़ोतरी को देखते हुए मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार हीट वेव अपने तय समय से करीब एक माह पहले, यानी मार्च के अंत में ही दस्तक दे सकती है। यदि ऐसा होता है तो पिछले करीब 15 वर्षों का रिकॉर्ड टूट सकता है।

मुख्यमंत्री नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

# अब स्कूल हो या मदरसा, हर महीने की पहली तारीख को मिलेगी सैलरी

• वेतन में देरी होने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने राज्य के शिक्षकों के हित में एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। अब राज्य के सरकारी विद्यालयों, संस्कृत स्कूलों, अल्पसंख्यक संस्थानों और मदरसों में कार्यरत शिक्षकों को हर महीने की पहली तारीख को ही वेतन दिया जाएगा। इस निर्णय से करीब 5.97 लाख शिक्षकों और कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी शिक्षकों के बैंक खातों में वेतन हर माह की पहली तारीख को अनिवार्य रूप से ट्रांसफर किया जाएगा। अब शिक्षकों को वेतन के लिए हफ्तों या महीनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्द्र ने शनिवार को इस संबंध में सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था केवल सरकारी स्कूलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि संस्कृत विद्यालयों, अल्पसंख्यक स्कूलों और मदरसों के शिक्षकों पर भी समान रूप से लागू होगी। इसके साथ ही स्कूलों में कार्यरत गार्ड और अन्य कर्मियों को भी पहली तारीख को ही भुगतान किया जाएगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वेतन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए 8 दिसंबर 2025 को जारी मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है। अब तक कई बार शिक्षकों को वेतन के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे या फाइलें अटक जाने के कारण भुगतान में देरी हो जाती थी। लेकिन डिजिटल व्यवस्था और सख्त निर्देशों के बाद अब इस प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित और समयबद्ध बनाने की कोशिश की जा रही है। सरकार का मानना है कि समय पर वेतन मिलने से शिक्षकों को आर्थिक राहत मिलेगी। इससे वे अपने परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकेंगे। साथ ही शिक्षक अधिक उत्साह और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को पढ़ाने में ध्यान दे सकेंगे।




### किन-किन को मिलेगा फायदा

यह नियम सिर्फ सामान्य सरकारी स्कूलों पर ही नहीं, बल्कि संस्कृत विद्यालयों, अल्पसंख्यक स्कूलों और मदरसों के शिक्षकों पर भी लागू होगा। इसके अलावा, स्कूलों में तैनात गाड्‌र्स को भी अब पहली तारीख को ही पैसे मिलेंगे।

### मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की दी बधाई

**पटना (नि.सं.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश और देश की सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और किसी भी राज्य या देश के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। आज महिलाएं अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए बिहार सरकार लगातार प्रयासरत है। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना और जीविका जैसी योजनाएं प्रमुख हैं। इसके अलावा राज्य सरकार ने सभी सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण तथा पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। इन पहलों से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनने का अवसर मिला है।

राज्यभर में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ अभियान तेज

# अवैध होर्डिंग्स-बैनर लगाने वाले आर्थिक अपराधी : विजय सिन्हा

• राज्यभर में 11 हजार से अधिक होर्डिंग हटाए गए।

• पटना निगम ने 107 करोड़ बकाया के नोटिस दिए।

निज संवाददाता | पटना

बिहार के शहरों में बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स और बैनरों के खिलाफ नगर विकास विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास मंत्री विजय सिन्हा ने कहा है कि अवैध होर्डिंग्स और बैनर लगाने वाले विज्ञापनकर्ता राजस्व की हानि करते हैं, इसलिए उन्हें आर्थिक अपराधी की तरह माना जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य के 38 जिलों के 264 नगर निकायों में चलाए गए अभियान के दौरान 11 हजार से अधिक अवैध होर्डिंग्स के मामलों में अब तक करीब 20 लाख रुपये की दंड राशि वसूली की जा चुकी है। बिना अनुमति निजी भवनों पर लगाए गए होर्डिंग्स और बैनरों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है और कई मामलों में दोषी प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

नगर विकास विभाग के अनुसार विभिन्न नगर निकायों में अभियान लगातार चलाया जा रहा है। भागलपुर नगर निगम ने अवैध होर्डिंग्स के मामले में 10 प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 19 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला है। वहीं मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में लगभग 55 अवैध होर्डिंग्स हटाए गए हैं, जबकि बेगूसराय नगर निगम में सात अवैध होर्डिंग्स हटाकर 71 के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। कटिहार नगर निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 में होर्डिंग लगाने के लिए एक संवेदक के साथ करीब 25 लाख 75 हजार रुपये का एकरारनामा किया है। पटना नगर निगम क्षेत्र में भी अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। यहां अब तक 200 से अधिक अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है और 250 से अधिक होर्डिंग्स हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। पाटलिपुत्र अंचल में सबसे अधिक 55 अवैध होर्डिंग्स हटाए गए हैं, जबकि कंकड़बाग अंचल में 89 होर्डिंग्स को नोटिस भेजा गया है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अभियान रात के समय भी चलाया जा रहा है और सर्वे कर यूनिपोल तथा होर्डिंग्स हटाए जा रहे हैं। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों के किनारे, विद्युत पोल, सरकारी परिसरों, निजी भवनों या अन्य स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापन सामग्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



#### विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस जारी

पटना नगर निगम क्षेत्र के निजी भवनों की छतों और दीवारों पर लगे अवैध होर्डिंग्स को भी हटाया जा रहा है और संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पटना में कुल 54 विज्ञापन एजेंसियों पर लगभग 107.12 करोड़ रुपये बकाया हैं। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि बकाया राशि जमा नहीं करने वाली एजेंसियों के खिलाफ पीडीआर एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित एजेंसियों को काली सूची में भी डाला जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

#### विशेष टीमों का गठन

इस अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया जाएगा, जो अवैध विज्ञापनों की निगरानी करेंगी और उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। सरकार का लक्ष्य शहरों को स्वच्छ, आकर्षक और अवैध विज्ञापनों से मुक्त बनाना है, जिससे नगर निकायों के राजस्व में भी वृद्धि हो सके।

## राज्यसभा जाने के बाद भी बिहार की राजनीति में सक्रिय रहेंगे नीतीश

### संसद सत्र में दिल्ली, बाकी समय बिहार में रहेंगे : जेडीयू

• मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सांसद बनने के बाद सीएम पद से इस्तीफा देंगे।

• 16 मार्च को राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद उनकी आगे की भूमिका को लेकर सियासी चर्चा तेज हो गई है। इस बीच जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने स्पष्ट किया है कि राज्यसभा सांसद बनने के बाद भी नीतीश कुमार बिहार की राजनीति से दूर नहीं होंगे। संसद सत्र के दौरान वे दिल्ली में रहेंगे, जबकि बाकी समय बिहार में रहकर नई सरकार को मार्गदर्शन देते रहेंगे। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि नीतीश कुमार किसी एक पद से ऊपर हैं और वे बिहार की जनता से किए गए अपने वादों को नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी बिहार की सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही कार्य करती रहेगी। साथ ही वे जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पार्टी की जिम्मेदारियां भी निभाते रहेंगे।

गौरतलब है कि नीतीश कुमार ने 5 मार्च को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। राज्यसभा चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान होना है। वर्तमान सांसदों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए सदस्य संसद में शामिल होंगे। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार राज्यसभा सांसद बनने के बाद ही नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मार्च महीने तक वे मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे और इसके बाद अप्रैल में बिहार में नई सरकार का गठन हो सकता है। माना जा रहा है कि उनके इस्तीफे के बाद राज्य को नया मुख्यमंत्री मिल सकता है। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित जेडीयू विधान मंडल दल की बैठक में नीतीश कुमार ने पार्टी के विधायकों, एमएलसी और सांसदों को भरोसा दिलाया था कि वे उन्हें छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पार्टी का नेतृत्व करते रहेंगे और बिहार के विकास के लिए काम जारी रहेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि वे राज्यसभा जाने के बाद भी बिहार को पर्याप्त समय देंगे और राज्य के विकास से जुड़े कार्यों पर नजर बनाए रखेंगे।



## रजिस्ट्री से पहले मिलेगी रैयती भूमि के मालिकाना हक की जानकारी

**पटना (नि.सं.)।** एक अप्रैल से रजिस्ट्री से पहले आवेदकों को जमीन के मालिकाना हक की जानकारी मिलेगी। मद्य निषेध उत्पाद और राजस्व विभाग ने इस प्रक्रिया को लागू करने की तैयारी की है। आवेदक रजिस्ट्री के समय जानकारी चुनेंगे, और संबंधित अधिकारियों को दस दिन में जानकारी उपलब्ध करानी होगी। इससे विवादों से बचने में मदद मिलेगी। एक अप्रैल से जमीन की रजिस्ट्री से पहले आवेदकों को उक्त जमीन के मालिकाना हक की जानकारी मिलने लगेगी। इसको लेकर मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग संयुक्त रूप से तैयारी में जुटा है। सभी डीएम को भेजे गये निबंधन विभाग के पत्र के मुताबिक आवेदक रजिस्ट्री के समय ही इससे संबंधित विकल्प चुनेंगे। रजिस्ट्री विवरणी भरने के बाद विकल्प का चयन करते ही संबंधित सीओ (अंचलाधिकारी) और राजस्व पदाधिकारी को इसकी सूचना भेज दी जाएगी। उनको दस दिन के अंदर यह जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में जवाब नहीं मिलने पर आवेदक की विवरणी को पूर्ण मानते हुए रजिस्ट्री की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। निबंधन विभाग और राजस्व विभाग ने दस्तावेज निबंधन के बाद होने वाले अनावश्यक विवाद से बचने को लेकर यह कदम उठाया है। कई बार जमीन के बारे में पूरी जानकारी नहीं होने की वजह से आवेदक गलत जमीन की रजिस्ट्री करा लेते हैं। हालांकि, सरकार के इस फैसले से अंचल कार्यालयों पर बोझ बढ़ेगा। सूबे के 141 रजिस्ट्री कार्यालयों में प्रति दिन छह से सात हजार दस्तावेजों की रजिस्ट्री होती है। पीक सीजन में रजिस्ट्री की यह दर प्रति दिन आठ हजार को पार कर जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती दवाइयों की योजना धीमी

## तीन साल बाद भी राज्य के सिर्फ 26 पैक्सों में खुले जनऔषधि केंद्र

निज संवाददाता | पटना

ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जनऔषधि केंद्र योजना अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही है। योजना शुरू होने के तीन वर्ष बाद भी राज्य के केवल 26 पैक्सों में ही जनऔषधि केंद्र खोले जा सके हैं, जबकि अन्य पैक्सों को अब भी फार्मासिस्ट और ड्रग लाइसेंस मिलने का इंतजार है।

जनऔषधि केंद्रों में 2125 प्रकार की सस्ती जेनरिक दवाइयां और 314 प्रकार के चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी पैक्सों में जनऔषधि केंद्र खोलने की योजना बनाई गई थी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कम कीमत पर दवाइयां मिल सकें। वर्ष 2023 में इस योजना की शुरुआत की गई थी और पहले चरण में 190 पैक्सों में केंद्र खोलने की योजना बनाई गई थी। बाद में सभी पैक्सों को इसके लिए आवेदन करने के निर्देश दिए गए।

जानकारी के अनुसार जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए 428 पैक्सों ने आवेदन किया था। इनमें से 329 पैक्सों को ड्रग लाइसेंस के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई। प्रक्रिया पूरी करने के बाद 56 पैक्सों ने ड्रग लाइसेंस के लिए आवेदन किया, जिनमें से अब तक 30 को लाइसेंस मिल चुका है। इसके बावजूद वर्तमान में केवल 26 जनऔषधि केंद्र ही संचालित हो पा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार राज्य में पैक्सों की कुल संख्या 8463 है और जनऔषधि केंद्र खोलने में सबसे बड़ी बाधा फार्मासिस्ट की कमी बन रही है।

नई सेमीकंडक्टर नीति को कैबिनेट की मंजूरी

## अगले पांच वर्षों में 50 हजार सेमीकंडक्टर पेशेवर तैयार करेगी बिहार सरकार

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने राज्य को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सेमीकंडक्टर सेक्टर पर बड़ा दांव लगाया है। नई बिहार सेमीकंडक्टर नीति 2026 के तहत अगले पांच वर्षों में 50 हजार सेमीकंडक्टर पेशेवर तैयार किए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है, जिससे वर्ष 2030 तक दो लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

सरकार का लक्ष्य बिहार को सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मजबूत बनाते हुए पूर्वी भारत का टेक्नोलॉजी हब बनाना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नई नीति का खाका तैयार किया गया है। इस नीति के तहत सरकार 5000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली तीन प्रमुख कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करना चाहती है, ताकि स्वदेशी सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता विकसित की जा सके। नई नीति के माध्यम से राज्य सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में सेमीकंडक्टर क्षेत्र का लगभग 5 प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करना है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप परीक्षण और विश्वसनीयता केंद्र स्थापित किए जाएंगे, उन्नत पैकेजिंग तकनीकों को विकसित किया जाएगा तथा सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन हाउस के साथ सहयोग किया जाएगा।

सरकार प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शैक्षणिक साझेदारियों के माध्यम से कुशल कार्यबल तैयार करेगी।




सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस"
8 मार्च 2026

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य की महिलाओं को मैं हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, क्षमतावर्द्धन, सुरक्षित वातावरण आदि के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है एवं इसके सकारात्मक परिणाम भी परिलक्षित हो रहे हैं।।

राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से अल्पावास गृह, रक्षा गृह, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास एवं उनके बच्चों के लिए पालना घर, सामाजिक पुनर्वास कोष, महिला विशेष कोषांग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, दहेज एवं बाल–विवाह उन्मूलन अभियान, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, मानव व्यापार, कन्या भ्रूण हत्या, महिला अधिकारों एवं विभिन्न सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन और महिलाओं के कौशल विकास हेतु व्यापक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

बालिकाओं एवं किशोरियों के सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साईकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के माध्यम से व्यापक पहल की गयी है। महिलाएँ समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके बिना विकसित एवं समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है।

हम सबका दायित्व है कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध और प्रयत्नशील रहें।

पुनः एक बार सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

आरिफ मोहम्मद खां

PR. No. 025740 ( B & C )D. 2025-26


दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सीट के लिए मची होड़

# होली के बाद पटना जंक्शन पर उमड़ी प्रवासियों की भीड़

निज संवाददाता | पटना

होली का त्योहार समाप्त होते ही बिहार से प्रवासी मजदूरों का अपने-अपने कार्यस्थलों की ओर लौटना शुरू हो गया है। इसका असर पटना जंक्शन पर साफ दिखाई दे रहा है। दिल्ली जाने वाली संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही सीट पाने के लिए यात्रियों में होड़ मच गई। कई यात्रियों को काफी मशक्कत के बाद ट्रेन में जगह मिल सकी। भीड़ इतनी अधिक थी कि कई डिब्बों में एक ही सीट पर तीन-तीन लोग बैठकर सफर करते नजर आए। होली के बाद यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दानापुर रेल मंडल ने विशेष तैयारियां की हैं। पटना और दानापुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, जहां ट्रेन आने से पहले यात्रियों को व्यवस्थित रखा जाएगा, ताकि प्लेटफॉर्म पर भीड़ और अफरातफरी की स्थिति न बने। अधिकारियों के अनुसार नियमित ट्रेनों के अलावा 9 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, इसके बावजूद यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण ट्रेनों में भारी भीड़ बनी हुई है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना जंक्शन पर रेलवे की ओर से मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। स्टेशन पर डॉक्टर और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी यात्री की तबीयत खराब होने पर तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

रेलवे प्रशासन के अनुसार पटना से राजगीर, पुरी और नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि दानापुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, पुणे, बेंगलुरु और चर्लपल्ली के लिए भी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय यात्रियों की सुविधा के लिए पटना और राजगीर के बीच भी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

**यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन सतर्क है। प्रमुख स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) की अतिरिक्त तैनाती की गई है। कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है, वहीं सीसीटीवी कैमरों के जरिए स्टेशन परिसर की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुविधा मिल सके।**



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी ने पति पर हत्या प्रयास का दर्ज कराई एफआईआर

**राजपुर**। पत्नी ने पति पर हत्या प्रयास का एफआईआर विगत शुक्रवार को स्थानिय पुलिस में दर्ज कराया है.जास पर कारवाई करते हुए पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि थाना क्षेत्र के दयालगंज गांव निवासी मिरा देवी ने अपने पति बसावन सिंह का बेटा मुन्ना कुमार के विरुद्ध आवेदन प्रदान कर प्राथमिकी दर्ज कराया है.महिला ने पति द्वारा शराब पीकर लगातार मारपीट किये जाने व हत्या का प्रयास किये जाने की बात आवेदन में पुलिस को बताया गया है.जिस पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया.

### आमने सामने बाईक के टक्कर में महिला समेत दो जख्मी

**राजपुर**। थाना क्षेत्र के अमाडी बजार पर शनिवार को दो बाईक के आमने समाने की टक्कर में एक महिला समेत दो लोग जख्मी हो गये.आस पड़ोस के लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दिये जाने पर जख्मी को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर लाया गया.जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया. थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि नोखा थाना क्षेत्र के सिसिरता गांव निवासी चालीस वर्षिय शिवमुनी चन्द्रवंशी अपनी साठ वर्षीय मां सुमित्रा देवी को लेकर बीस वर्षीय दीपक कुमार के साथ बाईक पर सवार हो राजनडिह गांव जा रहे थे.तभी नासरीगंज थाना क्षेत्र के तिलसा गांव निवासी राहुल कुमार गांजा समेत अन्य सुखा नशे में धूत विपरीत दिशा से आकर टक्कर मार दिया.जिससे सुमित्रा व दीपक बुरी तरह जख्मी हो गये.दोनों बाईक को जब्त कर थाना लाया गया.दोनों पक्ष के लोगों को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है.

### पूर्व शराब कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बिक्रमगंज /रोहतास**। पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोआंव से पूर्व शराब कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के नोआंव गांव निवासी चंदेश्वर सिंह के पुत्र राजकुमार उर्फ रिंकू बताया जाता है । जिसके विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 124/26 के आलोक में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था ।

### शिवपुर पैक्स चुनाव : अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन,18 मार्च को होगा मतदान

**बिक्रमगंज / रोहतास**। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है । पहले दिन 6 मार्च शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया,जबकि कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए चार अभ्यर्थियों ने अपना पर्चा भरा । वहीं नामांकन के दूसरे एवं अंतिम दिन 7 मार्च शनिवार को पूर्व पैक्स अध्यक्ष रह चुके राहुल कुमार सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया । खबर लिखे जाने तक कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी थी । इस संबंध में बिक्रमगंज के बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने बताया कि शिवपुर पैक्स चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 6 और 7 मार्च तक निर्धारित की गई है । इसके बाद 9 और 10 मार्च को नामांकन पत्रों की संविक्षा (जांच) की जाएगी, जबकि 11 मार्च को अभ्यर्थिता वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि मतदान 18 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक कराया जाएगा । मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी,जिससे उसी दिन परिणाम घोषित होने की संभावना है ।नामांकन के दौरान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी रितेश कुमार सहित अन्य कर्मी भी मौजूद रहे ।

### बगहा में पुलिस की सख्ती: एक दिन में 9 आरोपी गिरफ्तार, 16 वारंट तामील; वाहन जांच में 57,500 का चालान

**बगहा ( नगर संवाददाता)**। बगहा पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कई कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर शराब, हत्या और अन्य मामलों में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान लंबे समय से लंबित वारंटों के निष्पादन पर भी जोर दिया गया। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 16 वारंटियों को गिरफ्तार कर वारंट का निष्पादन किया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इधर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिले में सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया गया। इस दौरान कुल 407 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से 57 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला गया। एसपी ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्ती, वाहन जांच और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। अवैध शराब के सेवन और कारोबार पर रोक लगाने के लिए भी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बना रहे।

### नावकोठी पीएचसी में एएनएम की बैठक,मिशन इंद्रधनुष पर चर्चा

**नावकोठी**. प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावकोठी में आगामी होनेवाली मिशन इंद्रधनुष को लेकर एएनएम की बैठक बुलाई गई.बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने की.इस दौरान उन्होंने टीकाकरण,बंध्याकरण,एनसीडी डाटा एंट्री, युवींन पोर्टल, आरसीएच,टेली मेडिसिन,कुष्ठ रोग, होम डिलीवरी आदि की विस्तृत समीक्षा की.वहीं उन्होंने बताया कि दिनांक 9 मार्च से 24 मार्च तक मिशन इंद्रधनुष का द्वितीय चक्र चलाया जायेगा. इसमें 458 बच्चे व 66 गर्भवती महिलाओं का लक्ष्य रखा गया है.इसमें सभी एएनएम को समय पर ड्यूटी आने,संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, आशा के साथ समन्वय बनाकर घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इस अवसर पर डॉक्टर नितिन कुमार,बीसीएम ऊषा कुमारी,बीएमसी गोपाल शर्मा,बीएमईए संदीप चंद्र,जीएनएम रविशंकर कुमार, एएनएम दीपा कुमारी, सीमा कुमारी,शालिनी कुमारी,श्वेता कुमारी, रीना कुमारी, बेबी कुमारी, विश्व भारती, नंदन कुमारी,आशा फैसिलिटेटर संगीता कुमारी व स्वस्थकर्मी मौजूद थे.

#### कवलपुर में किया गया दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन

### सैकड़ों लोगों ने इफ्तार में शामिल होकर दिया कौमी एकता का संदेश



**तुरकौलिया**। पवित्र रमजान माह के अवसर पर तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के कवलपुर गांव के स्थानीय युवाओं की पहल पर कवलपुर मेन रोड मस्जिद के समीप सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में रोजदार भाइयों ने दावत ए इफ्तार पार्टी में पहुंचकर इफ्तार किया। वही अच्छी संख्या में गैर रोजदार भाइयों ने भी इफ्तार पार्टी में शामिल होकर कौमी एकता का परिचय दिया है। लोगों ने बताया कि हर साल रमजान पाक महिने में यहां पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। जहां पंचायत, प्रखंड, जिला समेत देश और दुनिया में अमन-चैन कायम रहने की दुआ की जाती है। इफ्तार पार्टी का आयोजन युवा कमिटी कवलपुर के सौजन्य से किया गया था। जहां सैकड़ों की तादाद में लोगों ने पहुंचकर आपसी भाईचारे का पैगाम दिया है। युवाओं ने बताया कि एक साथ बैठकर सभी लोग इफ्तार करते हुए कौमी यकजहती का पैगाम देते हैं। नवजवानों ने बताया कि सामूहिक इफ्तार पार्टी का कई सालों से आयोजित किया जा रहा है और आगे भी इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की निकाली गई कलश शोभायात्रा

## जय श्री राम हर हर महादेव के उद्घोष से भक्ति मय हुआ वातावरण





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम**। सासाराम नगर निगम के आरा रेलवे गुमटी गजराढ़ गौरक्षणी स्थित मां दुर्गा एवं बजरंगबली मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसका कलश शोभायात्रा शनिवार को धूमधाम से निकाला गया, इस दौरान श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़े के धुन पर खूब झूमे तथा जय श्री राम हर हर महादेव के उद्घोष से माहौल धर्मपरायण हो गया।

कलश यात्रा मे शामिल सैकड़ो महिलाओ ने यज्ञ स्थल से कलश लेकर महावीर मंदिर होते हुए लालगंज नहर के पास पहुंची जहां वैदिक मंत्रोंचारण के बीच अपने-अपने कलश में जल भरकर गौरक्षणी मोहल्ला भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर कलशो को सुरक्षित रखा गया।कलश शोभायात्रा के बाद सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा के साथ प्रारंभ हुआ।

भागवत कथा का वाचन प्रयागराज से आए जगतगुरु श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महराज एवं आचार्य चतुर्भुज स्वामी जी महराज के द्वारा किया जायेगा. सात दिनों तक सुबह छह बजे कलश पूजन तथा संध्या 3 बजे से कथा का वाचन किया जाना है.आचार्य पंडित श्री दीपक शास्त्री ने बताया कि रविवार को कथा वाचन के दौरान दो बजे से तीन बजे के बीच पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज की उक्त कथा स्थली पर आगमन होगा।

इसको लेकर जय मां छात्र संघ कमेटी के कार्यकर्ताओं के द्वारा काफी तैयारी की गई है। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस प्रशासन तथा समाजसेवी उपस्थित रहे।

### बाइक को बचाने में तेज रफ्तार कार पेड़ से टक्कराई, एक महिला की मौत, चालक जख्मी





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**(बिक्रमगंज) रोहतास**। बिक्रमगंज सासाराम पथ पर थाना क्षेत्र के घुसियां खुर्द गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक को बचाने में एक कार पेड़ से टक्करा गई। जिसमें कार में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि चालक जख्मी हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भोजपुर जिला के तरारी थाना अंतर्गत जेठवार निवासी रवि कुमार पिता नंद कुमार सिंह अपनी बुआ को लेकर बघौला थाना क्षेत्र के रोतवा से कार से अपने गांव जा रहे थे। घुसियां खुर्द गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने में उनकी कार पेड़ से टक्करा गई।

जिससे आगे बैठी बुआ की मौत हो गई, जबकि चालक भतीजा रवि कुमार बुरी तरह घायल हो गए, मृतक महिला बघैला थाना अंतर्गत रोतवां गांव निवासी श्रीराम सिंह की पत्नी जानकी देवी बताई जाती हैं। जबकि गाड़ी चला रहे घायल युवक भोजपुर के तरारी थाना अंतर्गत जेठवार गांव निवासी नंद कुमार सिंह के पुत्र रवि कुमार बताए जाते हैं। घायल का इलाज बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में जारी है।

### संझौली बाजार में अतिक्रमण से आम लोग परेशान, हर समय बना रहता है सड़क दुर्घटना का खतरा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**संझौली/रोहतास**। संझौली बाजार में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में दुकानदारों और ठेला-खोमचा लगाने वालों द्वारा सड़क पर ही कब्जा कर लेने से सड़क काफी संकरी हो गई है, जिससे वाहनों के आवागमन में दिक्कत हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण बाजार में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है और हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर बाजार के व्यस्त समय में पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी कठिनाई होती है। हैरानी की बात यह है कि संझौली बाजार में ही कुछ दूरी पर अंचल अधिकारी (सीओ) और प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) का कार्यालय स्थित है, इसके बावजूद ?

# सूरत के केमिकल फैक्ट्री हादसे में रोहतास के चार मजदूरों की गई जान, मुआवजे को लेकर परिजनों का प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। सूरत की एक केमिकल फैक्ट्री में हुए दर्दनाक हादसे में रोहतास जिले के चार मजदूरों की मौत हो गई। शनिवार की शाम इलाज के दौरान चौथे घायल मजदूर ने भी दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या चार हो गई।

जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में केमिकल युक्त कचरा साफ करने के दौरान जहरीले रसायन के संपर्क में आने से कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए थे। घायलों को तत्काल सूरत के बाबा मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक-एक कर चार मजदूरों की मौत हो गई।

मृतकों में शिवसागर वार्ड




संख्या-7 निवासी सोनू कुमार पासवान, करगहर थाना क्षेत्र के घोरडीहां गांव निवासी रविंद्र पासवान के 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार, कोचस थाना क्षेत्र के कपसियां गांव निवासी तुलसी पासवान के 22 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार पासवान तथा कपसियां गांव निवासी रामेश्वर पासवान के 23 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र कुमार शामिल हैं।

परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन बिना किसी मुआवजे के शवों को घर भेजने की कोशिश कर रहा है। इसको लेकर पोस्टमार्टम के बाद सभी शवों को फैक्ट्री के मुख्य गेट पर रखकर श्रमिकों और परिजनों ने धरना शुरू कर दिया है तथा श्रम विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है।

मृतक अंकित कुमार के पिता रविंद्र पासवान ने बताया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक बिहार सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई है और न ही किसी प्रकार की मदद मिली है। उन्होंने कहा कि न्याय और उचित मुआवजे की मांग को लेकर सभी लोग फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य जलयात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोटवा**। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोपी छपरा पंचायत के एन एच 27 बेलवा माधो चौक के समीप स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर से शनिवार को एक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई।यह यात्रा हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई। जिसमें 251 कन्याएं माथे पर कलश लिए शामिल हुई। यह यात्रा हनुमान मंदिर परिसर से निकलकर बेलवा माधो गावो का भ्रमण करते हुए बंगरी देवी सागर चूरामन घाट पर पहुंची।जहां यजमान साहिंद्र साह के साथ उपरोहित आचार्य मनोज दुबे द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ जालबोझी कराया गया। जलयात्रा में गाजा बजा,छोटी बड़ी गाड़ियां,घोड़ा ,रथ आदि शामिल था। जय श्री राम, जय



बजरंग बली के नारों से पूरा इलाका भगतिमय हो गया था।

यजमान साहिंद्र साह ने बताया कि जलबोझी के बाद नगर भ्रमण किया जाएगा।वही 8 मार्च को हनुमान जी के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही 24 घंटे का अखंड अष्ट्याम शुरू होगा ।फिर 10 मार्च को हनुमान आराधना का आयोजन किया गया है। कलश शोभा यात्रा में जिला परिषद सदस्य मनोज मुखिया,स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी उमाकांत सिंह,मुन्ना कुमार,सुरेंद्र महतो, देवेंद्र सिंह,अमित सिंह, लवकुश सिंह, रंजीत गुप्ता, दीपक सिंह, मनीष साह, अशोक साह, वीरेंद्र साह, नमूना साह, मोहन महतो, हीरा आदि लोग शामिल हुए।

# चवरी गांव के समीप से एक युवक का शव बरामद, जांच मे जुटी पुलिस

## परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। होली पर्व पर घर से निकले युवक का शव पुलिस ने कोचस थाना क्षेत्र के चवरी गांव के समीप सड़क किनारे पानी भरे गढ़े से बरामद किया है। साथ ही युवक के बाइक को भी पानी से बरामद किया गया है। इस खबर की भनक लगते ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना के बारे मे बताया जाता है कि करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अररुआ पंचायत के कुम्हिला गांव निवासी मुकेश कुमार गुप्ता का 22 वर्षीय लड़का अमित कुमार होली के दिन घर से बाइक लेकर कोचस जाने की बात कह कर निकल गया। जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। वहीं परिजनों ने करगहर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई। वहीं आज शनिवार के अहले सुबह चवरी गांव के समीप गहरे खाई में उसका शव मिलने का सूचना मिला। जहां मौके पर कोचस थाना और करगहर थाना पहुंची। इसकी सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे जहां परिजनों ने हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया।



घटना के बाद परिजनों में काफी आक्रोश देखा गया।

इस दौरान लगभग दो घंटों तक सासाराम -चौसा पथ अवरूद्ध रहा। वहीं पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी टू कुमार वैभव ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कर्म का स्पष्ट पता चल पाएगा तथा उचित कार्रवाई की जायेगी।

# सोलर पैनल से घट रहा बिजली बिल, पीएम सूर्य घर योजना से उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ : ईएसई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम/रोहतास**। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विद्युत उपभोक्ताओं के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर न केवल बिजली का उपयोग कर सकते हैं, बल्कि बिजली बिल में भी बड़ी बचत कर सकते हैं। रोहतास जिले में अब तक इस योजना के अंतर्गत 1364 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 275 आवेदकों के घरों पर सोलर पैनल की स्थापना उनके द्वारा चयनित वेंडरों के माध्यम से की जा चुकी है, जबकि 257 लाभुकों को सब्सिडी की राशि उनके बैंक खाते में भेज दी गई है। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत मिलने वाली 125 यूनिट निःशुल्क बिजली के अतिरिक्त सोलर पैनल से उत्पादित बिजली की यूनिट भी उपभोक्ता की खपत में समायोजित कर दी जाती है। इससे अधिकांश सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट, 2 किलोवाट एवं 3 किलोवाट के सोलर पैनल पर क्रमशः 30 हजार, 60 हजार और 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जाती है। इसके साथ ही बैंकों



के माध्यम से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर दो लाख रुपए तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। सोलर संयंत्र की लागत लगभग 1 किलोवाट पर 80 हजार से 1 लाख रुपए, 2 किलोवाट पर 1.30 लाख से 1.50 लाख रुपए तथा 3 किलोवाट पर 1.90 लाख से 2 लाख रुपए तक आती है। एक किलोवाट सोलर पैनल से लगभग 150 यूनिट प्रति माह, दो किलोवाट से 300 यूनिट प्रति माह तथा तीन किलोवाट से इससे अधिक बिजली का उत्पादन किया जा सकता है।

सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू उपकरण चलाने के लिए किया जा सकता है, वहीं अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर उसके विरुद्ध बिजली बिल में समायोजन भी किया जाता है। एक किलोवाट सोलर पैनल लगाने के लिए लगभग 100 वर्गफुट छत की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल का उचित रखरखाव करने पर यह लगभग 25 वर्षों तक उपयोगी रहते हैं, जिससे उपभोक्ता लंबे समय तक सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा का लाभ ले सकते हैं। योजना के लिए आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। इसके लिए उपभोक्ता के पास स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन, आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर आवश्यक है। बैंक से ऋण लेने की स्थिति में पैन कार्ड एवं ईमेल आईडी भी आवश्यक होगी। विद्युत अधीक्षण अभियंता ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवेदन कर अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाएं और सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी एवं बैंक ऋण सुविधा का लाभ उठाएं।

### करगहर बाजार में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, 12 मार्च को चलेगा हटाओ अभियान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। करगहर बाजार में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। अंचल कार्यालय करगहर की ओर से बाजार के करीब 1500 दुकानदारों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि बाजार क्षेत्र में कई दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे अस्थायी रूप से दुकानें लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके कारण आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी डा. नेहा कुमारी के निर्देश पर 12 मार्च को करगहर बाजार में अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। सभी दुकानदारों को 11 मार्च तक स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है।

उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय सीमा के बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासनिक टीम पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएगी और संबंधित लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चंपा नदी किनारे कचरे के ढेर में लगी आग

**भागलपुर।** भागलपुर-सुल्तानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर नाथनगर स्थित चंपा नदी किनारे कचरे के ढेर में आग लग गई है। इससे उठ रहे जहरीले धुएं ने राहगीरों और स्थानीय निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यह आग कई दिनों से धधक रही है। एनएच-80 पर जल रहे इस कचरे से घना धुआं निकल रहा है, जिससे सड़क पर दृश्यता काफी कम हो गई है। इसके कारण गाड़ी ड्राइवर और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। आसपास के मोहल्लों, विशेषकर भागलपुर नगर निगम के वार्ड संख्या चार के बाईसबिघी इलाके के ग्रामीणों में इस जहरीले धुएं को लेकर गहरी चिंता है। उनका कहना है कि आग के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है।

**रोजेदारों को धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत:** स्थानीय निवासी मो. अहमद ने बताया कि रमजान के महीने में रोजेदारों को धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीण अब्दुल मजीद, सलमान, राहत, महमूद, असीम और एजाज़ ने आरोप लगाया कि निगम के कर्मचारी कई दिनों से यहां कूड़ा डंप कर रहे हैं, जिसके बाद किसी ने इसमें आग लगा दी। यह आग पिछले चार दिनों से लगी हुई है और हवा का रुख सीधे उनके मोहल्ले की ओर होने से रोजेदारों की परेशानी बढ़ गई है। धुएं से बुजुर्गों और बच्चों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि आग पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो इससे क्षेत्र में कई बीमारियां फैल सकती हैं।

**नगर निगम का टैंकर बुलाकर आग बुझाने की कही:** ग्रामीणों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द से जल्द आग बुझाने और कचरे के उचित निस्तारण की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध में वार्ड संख्या चार के पार्षद मनीष यादव ने आश्वासन दिया है कि निगम से पानी का टैंकर मंगवाकर आग बुझाई जाएगी।

### हैदराबाद में ड्यूटी के दौरान बांका के सिक्योरिटीगार्ड की मौत

**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के सिमरौंधा गांव निवासी गौरव कुमार की हैदराबाद में ड्यूटी के दौरान एक हादसे में मौत हो गई। वह एसआईएस सुरक्षा प्रहरी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। मृतक बिंदेश्वरी पासवान के पुत्र थे। गौरव कुमार ड्यूटी पर थे तभी एक गार्ड वाहन के चालक ने उन्हें नहीं देखा और वाहन सीधे उन पर चढ़ गया। वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

**परिजन ने हैदराबाद से लाया शव:** घटना की सूचना फोन के माध्यम से मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य सदमे में आ गए और तत्काल हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। परिजनों ने बताया कि गौरव कुमार परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, जो सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। हैदराबाद से जब गौरव का शव पैतृक गांव सिमरौंधा पहुंचा, तो पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। शव पहुंचते ही परिजनों के रोने-चीत्कार से वातावरण शोकाकुल हो गया। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

**मुआवजा की मांग कर रहे परिजन:** ग्रामीणों और परिजनों ने ड्यूटी के दौरान हुई इस दुखद मौत पर प्रशासन और संबंधित कंपनी से उचित मुआवजा और सहायता राशि प्रदान करने की मांग की है। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### प्रावि आदिवासी टोला मधुरा में जन औषधि दिवस व सुरक्षित शनिवार मनाया गया

**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड पंचायत अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में शनिवार को जन औषधि दिवस एवं बिहार सरकार के सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने बताया कि जन औषधि दिवस प्रत्येक वर्ष 7 मार्च को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा देना और आम लोगों को स्वास्थ्य खर्च में राहत पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जन औषधि की दवाइयां ब्रांडेड दवाइयों की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन ने नजदीकी जन औषधि केंद्र से दवाइयां खरीदकर बच्चों को दिखाया और जेनेरिक दवाइयों के बारे में जानकारी दी। वहीं फोकल शिक्षक संजीत कुमार निगम ने सुरक्षित शनिवार के तहत आग लगने और बिजली से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि खड़मास के समय गांवों में अधिकतर घर फूस के बने होते हैं, जो थोड़ी सी आग लगने पर तेजी से जल सकते हैं। साथ ही तेज हवा के कारण बिजली के तारों से निकलने वाली चिंगारी से भी आग लगने का खतरा बना रहता है। इसलिए सभी को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान शिक्षक ने भी बिजली से बचाव के उपायों की जानकारी दी और बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

### सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र के मझुआ पंचायत के बरेवा टोला वार्ड संख्या 7 में बन रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में कथित अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर नारेबाजी करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए और संबंधित विभाग से जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी नहीं डाली जा रही है और न ही सही तरीके से पानी पटाया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा पूर्व से बनी पुरानी सड़क के ऊपर ही सीधे निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे नई सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह लापरवाही के साथ सड़क निर्माण किया गया तो कुछ ही समय में सड़क टूटने लगेगी और सरकार की योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर और टिकाऊ सड़क उपलब्ध कराना है, लेकिन यहां हो रहा कार्य उस उद्देश्य के विपरीत दिखाई दे रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण में यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो इसकी जानकारी संबंधित विभाग को देकर उचित कार्रवाई कराई जाएगी।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### अररिया एवं फारबिसगंज में बुनियाद केन्द्र में सीएससी का हुआ शुभारम्भ

**अररिया।** अररिया सदर एवं फारबिसगंज बुनियाद केंद्र में शनिवार को कॉमन सर्विस सेंटर का विधिवत शुभारम्भ जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक दिलीप कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि बुनियाद केंद्र में सीएससी की शुरुआत होने से अब लाभार्थियों को आधार से संबंधित सेवा तथा अन्य ऑनलाइन सेवा प्राप्त करने के लिए अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अब आधार अपडेट, विभिन्न ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य डिजिटल सेवाएं बुनियाद केंद्र परिसर में ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं अन्य लाभार्थियों को काफी सुविधा मिलेगी। बुनियाद केंद्र फारबिसगंज में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जिला प्रबंधक सक्षम नवीन कुमार नवीन ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बुनियाद केंद्र में सीएससी की शुरुआत से आने वाले लाभार्थियों को एक ही स्थान पर कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध हो सकेगी।फारबिसगंज सीएससी संचालक रोहित रंजन एवं रितेश कुमार द्वारा सभी सेवाओं को प्रदर्शित किया गया।

# सामूहिक गोद भराई उत्सव का भव्य आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान 2.0 अब रंग लाने लगा है। आज मटिहानी प्रखंड के बदलपुरा दुर्गा स्थान परिसर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित इस उत्सव ने परंपरा और पोषण के संगम के जरिए समुदाय को एक सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बदलपुरा और आसपास के गांव की गर्भवती महिलाएं शामिल हुई। मुख्य आकर्षण सामूहिक गोद भराई की रस्म रही। जिसमें मोनिका, शबनम, सीमा कुमारी और सीमा को पारंपरिक रूप से चुनरी ओढ़ाकर और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें फल और विशेष पोषण किट भेंट की गई। जिससे गर्भकाल के दौरान वे अपनी सेहत का विशेष ख्याल रख सकें।



**सुरक्षित प्रसव के लिए संतुलित आहार अनिवार्य:** मौके पर उपस्थित पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सुरक्षित प्रसव के लिए संतुलित आहार को अनिवार्य बताया। तिरंगा भोजन में विटामिन, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार की अवधारणा को समझाते हुए बताया गया कि कैसे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों से माता और शिशु दोनों को कुपोषण से बचाया जा सकता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पहले कम से कम चार जांच (ANC) कराने और आयरन-कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन की सलाह दी गई। पिरामल और स्वास्थ्य विभाग ने महिलाओं को अस्पताल में प्रसव कराने के फायदों और सरकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर चर्चा कर महिलाओं ने स्वस्थ शिशु और सुरक्षित मातृत्व का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीपीए अश्वनी कौशिक, पिरामल के दीपक मिश्रा, बीएमसी रामविनय, माया कौशल्या के रोशन कुमार महिला पर्यवेक्षिका सुमन कुमारी ने अग्रणी भूमिका निभाई।

# गेहूं के खेत में युवक का शव मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र में पत्तिचक और कोल्हड्डा गांव के बीच गेहूं के खेत के पास करीब 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। प्रथम दृष्टया मामला तेज धारदार हथियार से हत्या का प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की संध्या ग्रामीण अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गेहूं के खेत के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। शव को देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के कई गांवों के लोग मौके पर पहुंच गए। युवक का शव खून से लथपथ था और उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान दिखाई दे रहे थे। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना तुरंत रजौन थाना पुलिस को दी गई।

**हथियार से किए गए हमले के निशान मिले:** सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा शव को पलटकर देखा गया तो युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। उसका सिर फटा हुआ था तथा बाएं कान से खून निकल रहा था। इसके अलावा छाती, पेट सहित शरीर के कई हिस्सों पर तेज धारदार हथियार से किए गए हमले के निशान मिले हैं। घटनास्थल पर फैला खून देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना कुछ घंटे पहले की है, जिससे प्रतीत होता है कि गुरुवार की देर रात युवक की हत्या की गई होगी।

**घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ:** पुलिस और ग्रामीणों के बीच चर्चा यह भी है कि संभवतः युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को यहां लाकर फेंक दिया गया है, ताकि साक्ष्य को मिटाया जा सके।

वहीं युवक के हाथ और पैरों पर पड़े गहरे निशान से यह भी आशंका जताई जा रही है कि हमले के दौरान उसने हमलावरों से बचने का काफी प्रयास किया होगा। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की,लेकिन काफी देर तक प्रयास के बावजूद युवक की पहचान नहीं हो सकी।इसके बाद पुलिस ने अज्ञात शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया।

# जेल में बंद कैदी की अस्पताल में मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर सेंट्रल जेल में बंद बेगूसराय के एक कैदी की मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि 20 घंटे बाद पोस्टमार्टम क्यों कराया गया और राजीव की तबीयत 45 साल में कभी नहीं खराब हुई, कल कैसे पेट में दर्द हो गया। मृतक कैदी की पहचान बेगूसराय के बिहट निवासी भोला सिंह के वय बेटे राजीव कुमार (45) के रूप में हुई है। राजीव हत्या के एक मामले में पिछले सात साल से भागलपुर सेंट्रल जेल में बंद था। जेल प्रशासन के अनुसार, बुधवार शाम राजीव को अचानक पेट में तेज दर्द हुआ, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसे इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप:** मायागंज अस्पताल में उपचार के दौरान राजीव कुमार की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी अनदेखी के कारण राजीव की जान गई। मृतक के साले के दोस्त रामविलास शर्मा ने बताया कि राजीव को पहले कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। शर्मा के अनुसार, बुधवार शाम जेल प्रशासन ने फोन पर राजीव के पेट दर्द और बेचैनी की जानकारी दी थी। जब परिजन भागलपुर पहुंचे, तो उन्होंने मायागंज अस्पताल में राजीव का शव देखा। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि राजीव की मौत के करीब 20 घंटे बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिससे कई सवाल उठते हैं। उन्होंने इस पूरे मामले में जेल और जिला प्रशासन की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# निशांत के राजनीति में आने का अभी सही समय है

◆ गिरिराज सिंह ने कहा- ये वोट बैंक की मांग, नीतीश खुद निर्णय लेते हैं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बेगूसराय।** बिहार की राजनीति में इन दिनों चर्चाओं का बाजार गर्म है। एक तरफ जहां नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने के समीकरण पर चर्चा हो रही है, वहीं एक नए नाम की एंट्री की आहट सुनाई दे रही है। यह नाम है निशांत कुमार जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे हैं। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने निशांत कुमार को राजनीति में सक्रिय होने का सुझाव दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए बेगूसराय में गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार के शासन की सराहना की। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार बिहार के एक ऐसे राजनेता रहे जिन्होंने दो दशक तक कुशलता के साथ बिहार के विकास को ऊपर ले जाने का काम किया।

**निशांत कुमार के राजनीति में आने का ये सही समय:** आज भी वह जो निर्णय लेते हैं खुद निर्णय लेते हैं। वह सही वक्त पर सही निर्णय लेते हैं। निशांत कुमार के लिए उनका जो पूरा वोट बैंक एक है। उस वोट बैंक की मांग है कि निशांत कुमार को अब राजनीति में आनी चाहिए मेरा भी मानना है कि यही समय है, सही समय है निशांत कुमार को सत्ता की राजनीति में आने का। इस दौरान गिरिराज सिंह ने बगैर नाम लिए पश्चिम बंगाल के ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (TMC) पर जोरदार तंज कसा है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि टीएमसी सरकार घबराई हुई है, टीएमसी के खिलाफ जनता में आक्रोश है। टीएमसी ने 26000 शिक्षक को रद्द किया। ऐसे लाखों युवा हैं, उनमें आक्रोश है। टीएमसी ने कर्मचारियों को सातवां पे कमीशन नहीं दिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार वहां आएगी और शिक्षा को की बहाली होगी। कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलेगा। महिलाओं को उड़ीसा की तरह बंगाल में 3000 रुपया दिया जाएगा। सेल्फ हेल्प ग्रुप को लखपति दीदी बनाया जाएगा।

**वोट से टीएमसी का अंगूठा काटेगी:** गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के हालत और भारतीय जनता पार्टी के निर्णय से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकार घबराई हुई है। पश्चिम बंगाल की जनता इस बार वोट से टीएमसी का अंगूठा काट लेगी। वहां से बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकाला जाएगा, गुंडों को उल्टा लटका दिया जाएगा। बंगाल में मतदाता सूची के शुद्धिकरण जैसे गंभीर विषय पर भी राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि वोटर लिस्ट पारदर्शी और निष्पक्ष हो। इसे रोकने के लिए धरना-प्रदर्शन करना साफ दर्शाता है कि कुछ लोग सच्चाई सामने आने से घबराते हैं।

**Govt. of Bihar**

**Mines and Geology Department**
District- Aurangabad.

**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)**

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त तथा PR-022987(Mines)2025-26 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम :–

| क्र0 स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 04 (Surrender Sand Ghat) | सोन | 05.03.2026 | 15.03.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.03.2026 | 23.03.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 23.03.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | Aurangabad Son 6A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 11A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 09 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 21 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 31 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 30 | | | | | | |
| 21 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | |
| 22 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | |
| 23 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | |
| 24 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | |
| 25 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | |
| 36 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | |
| 37 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | |
| 38 | Aur Pun-01 to 05 | | | | | | |
| 39 | Aur Pun-06 to 08 | पुनपुन, नदी | 05.03.2026 | 15.03.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.03.2026 | 22.03.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 22.03.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 40 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | |
| 41 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | |
| 42 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | |
| 43 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | |
| 44 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | |
| 45 | AUR BA 01 to 03 | | | | | | |
| 46 | AUR BA 04 to 05 | बटाने, नदी | 05.03.2026 | 15.03.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.03.2026 | 22.03.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 22.03.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 47 | AUR BA 06 | | | | | | |
| 48 | AUR BA 07 | | | | | | |
| 49 | AUR BA 08 | | | | | | |
| 50 | AUR BA 09 | | | | | | |
| 51 | AUR BA 10 | | | | | | |
| 52 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | |
| 53 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | |
| 54 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | |
| 55 | Madar 01 to 21 | | | | | | |
| 56 | Madar 22 to 32 | मदार, नदी | 05.03.2026 | 15.03.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.03.2026 | 22.03.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 22.03.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 57 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 05.03.2026 | 15.03.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.03.2026 | 22.03.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 22.03.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |

1. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
2. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
3. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
4. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
5. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना–800001 दूरभाष संख्याः 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

❖ विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

**PR- 025511 ( Mines ) 2025-26**

**समाहर्त्ता, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## संक्षिप्त समाचार

### घर से भागी नालंदा जिले की 16 वर्षीय नाबालिग आरा स्टेशन से बरामद

**आरा**। आरपीएफ पोस्ट आरा ने घर से भागी एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को आरा रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि नालंदा जिले के बिंद थाना के थानाध्यक्ष ने सूचना दी थी कि एक नाबालिग लड़की पांच दिन पहले घर से नाराज होकर निकल गई है। तकनीकी सर्विलांस और सूत्रों से जानकारी मिली कि वह आरा रेलवे स्टेशन पर मौजूद है। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने विशेष टीम गठित कर स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालयों में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 2-3 के पश्चिमी सीढ़ी के पास एक डरी-सहमी लड़की गुमसुम अवस्था में बैठी मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम और उम्र 16 वर्ष बताते हुए खुद को नालंदा जिले की निवासी बताया। सुरक्षा के मद्देनजर उसे आरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां भोजन-पानी उपलब्ध कराकर उसे सहज कराया गया। बरामदगी की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन भोजपुर को दी गई। हेल्पलाइन टीम के पहुंचने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर लड़की को उनके हवाले किया गया। बाद में सत्यापन के उपरांत आरपीएफ की मौजूदगी में लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश के बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**आरा**। उमेश सिंह कुशवाहा को लगातार तीसरी बार जनता दल (यूनाइटेड) का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उनके दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनने की खबर मिलते ही भोजपुर जिले के जदयू कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया हैं। जिला के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी तथा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम तेज होगा। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को आगामी दिनों में और मजबूती मिलेगी। जदयू भोजपुर के मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष प्रियांशु कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उमेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का काम करेंगे। साथ ही नीतीश कुमार की नीतियों और विकास कार्यों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भोजपुर के सभी जदयू कार्यकर्ता इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और भविष्य में भी पार्टी की प्रगति तथा जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने का संकल्प लेते हैं।

### अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण प्रसाद के निधन पर शोकसभा

**आरा**। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व लोक अभियोजक (पीपी) और कई सामाजिक संगठनों से जुड़े 87 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता उदय नारायण प्रसाद के निधन पर कोर्ट परिसर के अधिवक्ता हॉल में शोक सभा शुक्रवार को हुई। अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा एवं संचालन महासचिव मनमोहन ओझा ने किया। अपने वक्तव्य में अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि स्व उदय नारायण प्रसाद विधि जगत के एक सम्मानित एवं प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे। अपने लंबे और सफल विधिक जीवन में उन्होंने न्याय और सत्य के पक्ष में सदैव मजबूती से अपनी बात रखीं। आरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और बार एसोसिएशन की गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक अभियोजक के रूप में भी उन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्ण निर्वहन किये थे। विभिन्न संगठनों के माध्यम से समाजसेवा में भी उल्लेखनीय योगदान दिये थे। शोकसभा में स्व उदय नारायण प्रसाद व एक अन्य अधिवक्ता स्व ब्रजहस्ता शरण पाण्डेय के आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना किया गया। उनके शोक सम्मान में अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से अलग रहें।

### सेंट मेरी स्कूल ने जीता बेस्ट स्कूल का अवार्ड

**बक्सर**। सेंट मेरी स्कूल ( इंग्लिश मीडियम) को एडुकनेक्टइन द्वारा बेस्ट स्कूल अवार्ड (2025-26) से सम्मानित किया गया है, जो बक्सर जिले में इसकी उत्कृष्टता को मान्यता देता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 1,761 स्कूलों का मूल्यांकन तकनीकी उत्कृष्टता और 2 लाख से अधिक अभिभावकों के प्रतिक्रिया के आधार पर दिया गया है। यह पुरस्कार गुणवत्ता शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ फ्र. डोमिनिक अमलन ए के नेतृत्व में, सेंट मेरी स्कूल 2026-2027 शैक्षणिक सत्र में नवाचार पहल शुरू कर रहा है। इसमें नर्सरी से रोबोटिक्स, एलकेजी से एबेकस और कम्युनिकेटिव इंग्लिश, कक्षा 1 से 8 के लिए प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग और कक्षा 3 से 5 के लिए फ्रेंच भाषा शामिल है। स्कूल आईएससी कक्षा 11 (पीसीबी, पीसीएम, कॉमर्स) भी शुरू कर रहा है ।

### सड़क किनारे बाइक पर बैठी दो महिलाओं को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत, सड़क जाम

**बक्सर**। बक्सर - इटाढ़ी मार्ग पर डीएवी स्कूल लालगंज के समीप शुक्रवार की शाम दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। सड़क किनारे बाइक पर बैठी दो महिलाओं को ट्रक ने कुचल दिया । महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रक को हुकहा के समीप ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पुलिस को सौंप दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक इटाढ़ी थाना क्षेत्र के जलवासी गांव के भागवत पासवान का पुत्र मदन पासवान अपनी मां और भौजाई को बाइक से लेकर बक्सर से गांव के तरफ जा रहा था। डीएवी स्कूल के समीप किसी का फोन आया। वह बाइक सड़क किनारे खड़ी कर बात करने लगा। इतने में पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों महिलाएं सड़क पर गिर पड़ी और ट्रक का पिछला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। घटना में अनिता देवी और प्रियंका देवी की मौके पर मौत हो गई। लोगों ने यह नजारा देखा तो दौड़े आए आंशिक रूप से घायल युवक मदन पासवान (पिता भागवत पासवान) को सहारा दिया। लेकिन, अपनी मां व भाभी को मृत देख फफक पड़ा। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। लेकिन, दर्दनाक दुर्घटना को देख स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। और सड़क जाम कर प्रशासन को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। पुलिस मौके पर पहुंच लोगों को समझाने के प्रयास में जुट गई है।

### अंतिम सप्ताह में शुरू होगा लाइट एंड साउंड शो

**बक्सर**। डीएम साहिला ने रामरेखा घाट पर प्रस्तावित लाइट एंड साउंड शो के कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने पाया कि ट्रांसफार्मर सहित अन्य आवश्यक कार्य अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। इस पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम ने बक्सर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि रामरेखा घाट पर लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ मार्च माह के अंतिम सप्ताह तक सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करें। इसके पहले पूर्व में रिहर्सल भी कराया जाए। बता दें की कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में डीएम साहिला ने बक्सर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत योजना एवं स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित समीक्षा बैठक कर रहीं थी। लाइट एंड साउंड शो के शुभारंभ को ले प्रचार समीक्षा के दौरान डीएम ने लाइट एंड साउंड शो के शुभारंभ को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने का भी निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर सकें।बैठक में रामरेखा घाट की सुरक्षा और सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि घाट पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल के लिए हेल्प डेस्क हेतु कक्ष का निर्माण शीघ्र कराया जाए।

# दो दशक से अधिक पुराने आर्म्स एक्ट केस में फैसला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में दो दशक से अधिक पुराने आर्म्स एक्ट मामले में एक आरोपी को आखिरकार अदालत ने सजा सुना दी है। अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी रंजना दुबे की अदालत ने आरोपी विजय शंकर पांडेय को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर कुल 20 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है।अभियोजन पदाधिकारी राकेश कुमार राय ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना 5 जून 2004 की है। उस समय सिकरौल थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी पहचान विजय शंकर पांडेय, पिता सुखदेव पांडेय के रूप में हुई।पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी बंदूक, एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद हुए।

**आरोपी मौके पर ही गिरफ्तार**: अवैध हथियार और कारतूस मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सिकरौल थाना में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह मामला लंबे समय तक अदालत में विचाराधीन रहा। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कई गवाह पेश किए गए और बरामद हथियारों से संबंधित साक्ष्य भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए। अदालत ने सभी गवाहों के बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण किया। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आरोपी विजय शंकर पांडेय को आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दो अलग-अलग मामलों में दोषी पाया।

**दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी**: अदालत ने दोनों मामलों में उसे तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक मामले में 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि दोषी जुर्माना नहीं भरता है तो उसे एक माह की अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी। हालांकि, न्यायालय ने आदेश दिया है कि आरोपी को दी गई दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। इस फैसले के साथ ही करीब 21 साल पुराने इस मामले का निपटारा हो गया है।

## अधिवक्ता सुनील दत्त सिंह केंद्र सरकार के नोटरी नियुक्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। व्यवहार न्यायालय आरा के वरिष्ठ और अनुभवी अधिवक्ता सुनील दत्त सिंह को भारत सरकार के विधि मंत्रालय द्वारा नोटरी पब्लिक के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को आधिकारिक रूप से उनके नाम का सर्टिफिकेट जारी कर उन्हें भोजपुर जिला अंतर्गत नोटरी पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के बाद सुनील दत्त सिंह ने केंद्र सरकार और विधि मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह अपने इस नए पद की गरिमा बनाए रखते हुए पूरी ईमानदारी के साथ आम जनता और न्याय व्यवस्था की सेवा करेंगे। अधिवक्ता सुनील दत्त सिंह का विधि क्षेत्र में एक लंबा और बेदाग करियर रहा है। वे 12 अगस्त 1996 से ही आरा व्यवहार न्यायालय में वकालत कर रहे है। लगभग तीन दशको से लगातार विधि व्यवसाय से जुड़े रहने के कारण उनकी गणना जिले के अत्यंत अनुभवी वकीलो में होती है। उनकी इस नियुक्ति पर स्थानीय अधिवक्ताओ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उनकी कार्यक्षमता और समर्पण का प्रतिफल बताया है। सुनील दत्त सिंह मूल रूप से गड़हनी प्रखंड के कुरकुरी गांव निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्व डॉ महेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र है और लम्बे समय से आरा शहर के करमन टोला मुहल्ले अपना घर बना कर रहते है। एक स्थानीय निवासी के रूप में उनकी इस उपलब्धि से न केवल वकील समुदाय, बल्कि उनके मोहल्ले और शुभचिंतको में भी खुशी की लहर है। उनकी नियुक्ति की सूचना मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

## बहोरनपुर थाना का घेराव, गोलीकांड के आरोपियों को 24 घंटे में बेल मिलने का विरोध, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। भोजपुर जिले के बहोरनपुर थाना का ग्रामीणों ने घेराव किया है। आरोप है कि मामले में पुलिस ने लापरवाही बरती है। जिसके चलते जमीन विवाद में युवक को गोली मारने के मामले में गिरफ्तार 3 लोगों को 24 घंटे के अंदर ही बेल मिल गया। परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। पुलिस स्टेशन का घेराव कर जमकर हंगामा किया। बीच सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन किया। पुलिस पर आरोपियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। हंगामे की जानकारी मिलते ही दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

**हथियारबंद बदमाशों ने मारी थी गोली**: होली की रात गौरा गांव में 9 डिसमिल जमीन के विवाद में अखिलेश कुमार(34) को हथियारबंद बदमाशों ने गोली मार दी थी। बुलेट हाथ में लगी थी। घायल के बयान पर 3 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविरंजन ठाकुर, विशाल ठाकुर और कृष्ण ठाकुर को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में जिला प्रशान की ओर से एक प्रेस रिलीज भी जारी की गई थी।

**थाना में कोर्ट ऑर्डर मांगा गया**: घायल अखिलेश ने बताया कि पिछले एक साल से गांव के कुछ लोगों से नौ डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसे लेकर कई बार मुझे जान से मारने की धमकी भी दी गई। थाना में आवेदन देकर शिकायत भी की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। थाना में जाने के बाद कहा गया कि कोर्ट से ऑर्डर कराकर लाइए। कोर्ट में जाने के बाद कभी वकील नहीं मिलते तो कभी कोर्ट में तारीख मिल जाती थी। कितना मुश्किल होता है आवेदन देने के बाद काम करवाना। यह हम जानते हैं, लेकिन आज उसी लापरवाही का अंजाम है।

## ज्योति ने पवन सिंह को दी एनिवर्सरी की बधाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच तलाक का केस चल रहा है। इसके बीच ज्योति सिंह ने अपनी वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पवन सिंह के साथ पुरानी तस्वीर साझा कर उन्हें शादी की सालगिरह की बधाई दी है। ज्योति सिंह की ओर से शेयर की गई तस्वीर में दोनों काफी खुश नजर आ रहे हैं। फोटो में ज्योति सिंह मैरून रंग की साड़ी पहने, मांग में सिंदूर लगाए हुए पवन सिंह की बाहों में मुस्कराती दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने 'Happy Anniversary' लिखकर पवन सिंह को बधाई दी है।

**ज्योति सिंह ने पोस्ट किया था- मैंने दिल को दिल में ही रहने दिया**: इससे पहले भी ज्योति सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक भावुक पोस्ट साझा किया था। जिसमें उन्होंने लिखा था, I'm proud of myself... मैंने दिल को दिल में ही रहने दिया, बाजार नहीं बनाया।' इस पोस्ट को भी लोगों ने उनके निजी जीवन से जोड़कर देखा था।

**2018 में पवन सिंह ने की दूसरी शादी**: पवन सिंह की पहली शादी 2014 में नीलम सिंह से हुई थी। लेकिन शादी के एक साल बाद ही नीलम ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद 2018 में पवन सिंह ने बलिया की रहने वाली ज्योति सिंह से दूसरी शादी की। हालांकि, शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों के रिश्तों में खटास आ गई। ज्योति सिंह ने पवन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी भी दाखिल की, लेकिन कोर्ट में काउंसिलिंग के दौरान दोनों एक साथ रहने को सहमत हो गए। इसके बाद कई तस्वीरें पवन सिंह और ज्योति सिंह की सामने आई।

**लोकसभा चुनाव में पति के लिए किया था प्रचार**: 2024 के लोकसभा चुनाव में पवन सिंह ने बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। ज्योति सिंह ने अपने पति पवन सिंह के चुनाव प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। चुनाव में पवन सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे।

# नक्सलियों के विरुद्ध गठित रणवीर सेना के सुप्रीमो ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती है आकांक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। पिता के साथ आकांक्षा सफलता का टिप्सः अभ्यर्थियों की भीड़ से नहीं डरे, कड़ी मेहनत करें आकांक्षा ने बताया, परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की भीड़ से नहीं डरे। खुद कड़ी मेहनत करें। सिलेबस के अनुसार पढ़ाई करें, ताकि सफलता आसानी से हासिल हो सके। परीक्षा में शामिल होने वालों की संख्या काफी होती है। लेकिन मेहनत करने वाले कुछ ही अभ्यर्थी होते हैं। बार-बार लोगों से यह सुनने को मिलता था कि यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना आसान नहीं है। लेकिन मेहनत करने के बाद यह मालूम हुआ, मन में जज्बा ठान लेने पर सफलता आसान हो जाती है। यूपीएससी की परीक्षा में सफलता बिहार के लिए गर्व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा, मेरे विश्वविद्यालय की छात्रा आकांक्षा सिंह और नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर अभय कुमार सिंह के पुत्र संजीव ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता बिहार के लिए गर्व है। इधर, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र तिवारी ने कहा कि आकांक्षा ने पूरे जनपद का सम्मान बढ़ाया है। एक सामान्य परिवार, जिसकी गाथा संघर्षों से भरी पड़ी है, ऐसे माहौल से निकलकर देश की सर्वोच्च परीक्षा उत्तीर्ण करना साधारण बात नहीं है। एजुकेशन रिपोर्टर। आरा यूपीएससी की परीक्षा में देश में 301 रैंक प्राप्त करने वाली आकांक्षा सिंह अगिआंव प्रखंड में खोपिरा गांव निवासी है। आरा के कतिरा मोहल्ला में भी घर है। पिता इंदू भूषण सिंह किसान नेता और मां रिंकू देवी गृहिणी हैं। आकांक्षा के दादा बरमेश्वर सिंह उर्फ बरमेश्वर मुखिया बिहार में 90 के दशक में नक्सलियों के विरुद्ध गठित रणवीर सेना के सुप्रीमो और अखिल भारतीय राष्ट्रवादी किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। यूपीएससी क्रैक करने वाली आकांक्षा क्रिकेटर विराट कोहली को रोल प्ले मानती है। दैनिक भास्कर से बातचीत में आकांक्षा ने बताया, कि दूसरे प्रयास में इस परीक्षा में सफल हुई हूं। इंडियन रिवेन्यू सर्विस के लिए चयन हुआ है। मैं क्रिकेट मैच देखती हूं। क्रिकेटर विराट कोहली को खेलते समय मैं लक्ष्य प्राप्ति के लिए जज्बा देखती हूं। मैं यूपीएससी परीक्षा के लिए प्रतिदिन 8-10 घंटे पढ़ाई करती थी। दादाजी उका कहना था कि हमेशा बड़े लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करो। इसके लिए कड़ी मेहनत करो। मैं दादाजी का सपना साकार करना चाहती थी। यूपीएससी के परीक्षा के सफर को हासिल करना आसान नहीं था। इस मुकाम को हासिल करने में भाषा की काफी दिक्कतें हुई। लेकिन हिंदी भाषा से अंग्रेजी भाषा में सफलता प्राप्त करने के लिए लगातार इंग्लिश मूवी देखती थी। यह काफी कारगर साबित हुआ। इंटरव्यू में पद्मश्री भरत सिंह भारतीय से जुड़े सवाल पूछे गयेः आकांक्षा दिल्ली में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी आकांक्षा ने बताया, मेरी प्रारंभिक पढ़ाई कैथोलिक मिशन स्कूल में हुई है। वर्ष- 2017 में मैट्रिक और वर्ष- 2019 में इंटर की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। इसके बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के हर प्रसाद दास जैन कॉलेज से अंग्रेजी ऑनर्स से स्नातक की परीक्षा वर्ष 2022 परीक्षा प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण की। यूपीएससी की तैयारी करने के लिए दिल्ली चली गई। दादा के सपने को साकार करने के लिए प्रतिदिन नियमित पढ़ाई करनी पड़ती थी।

## श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग और आदर्शों का प्रतीक : स्वामी अनंताचार्य



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर**। प्रखंड के निमेज गांव में चल रहे हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के प्रथम दिवस वृंदावन से पधारे संत जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य जी महाराज ने अपने प्रवचन में गुरु की महिमा और भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु ही वह माध्यम हैं, जिनके मार्गदर्शन से मनुष्य जीवन का सही उद्देश्य समझ पाता है और ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।गुरु पर ब्रह्म परमेश्वर है।गुरु अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाता है। गुरु की महिमा और कर्तव्य पर संत का प्रवचन, जीवन में मार्गदर्शक होते हैं गुरु। स्वामी अनंताचार्य जी महाराज ने गुरु की महिमा और उनके कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा देने वाले नहीं होते, बल्कि वे मनुष्य के जीवन को सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं। स्वामी अनंताचार्य जी ने कहा कि शास्त्रों में गुरु को भगवान से भी ऊँचा स्थान दिया गया है, क्योंकि गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान का प्रकाश देते हैं। गुरु का कर्तव्य होता है कि वे अपने शिष्यों को धर्म, सदाचार और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि सच्चा गुरु वही है जो अपने आचरण से समाज को संदेश दे और शिष्यों के जीवन में नैतिकता, अनुशासन और भक्ति का संस्कार उत्पन्न करे। वहीं शिष्य का भी कर्तव्य है कि वह गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाए। संत ने भगवान श्रीराम के चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान राम ने भी गुरु वशिष्ठ और गुरु विश्वामित्र से शिक्षा प्राप्त कर उनके आदेशों का पालन किया, जिससे उनका जीवन आदर्श बन गया। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और संत के विचारों को सुनकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। स्वामी अनंताचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग और आदर्शों का प्रतीक है। उनके चरित्र से समाज को सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि श्रीराम ने अपने जीवन में हर परिस्थिति में धर्म का पालन किया और यही कारण है कि उन्हें "मर्यादा पुरुषोत्तम" कहा जाता है। संत ने कहा कि आज के समय में यदि लोग श्रीराम के आदर्शों और गुरु के उपदेशों को जीवन में अपनाएं, तो समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव का वातावरण स्थापित हो सकता है। महायज्ञ स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवचन सुनने पहुंच रहे हैं। यज्ञ के अंतर्गत पंचांग वेदी पूजन, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य शहरु पाण्डेय और उपाचार्य पंकज पाराशर के द्वारा विधि-विधान से संपन्न किए जा रहे हैं। स्वामी अमित कृष्णाचार्य,मधुसूदन शास्त्री आचार्य उमलेश पाण्डेय,अक्षय गोपाल पाण्डेय,ऋषिदेव पाण्डेय सहित कई विद्वान पंडित यज्ञ में शामिल है। आयोजकों ने बताया कि 9 मार्च को हनुमत प्राण प्रतिष्ठा तथा 10 मार्च को पूर्णाहुति और 11 मार्च को भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# डीएम ने की तैयारी बैठक, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से बिहार दिवस तक के कार्यक्रमों की समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। बक्सर में जिला पदाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में मार्च माह में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई। समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में हुई इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, जिला स्थापना दिवस, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव और बिहार दिवस की तैयारियों पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 17 मार्च 2026 को जिला स्थापना दिवस, 21 मार्च 2026 को उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव और 22 मार्च 2026 को बिहार दिवस मनाया जाएगा।

**गोष्ठी आयोजित करने का दिया निर्देश**: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेमिनार, परिचर्चा और गोष्ठी आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य महिला प्रतिभागियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। विभिन्न विभागों के समन्वय से अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने की भी योजना है। जिला स्थापना दिवस के लिए सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाने को कहा गया। प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं और पार्कों की साफ-सफाई कर उन्हें नीली रोशनी से सजाने का भी निर्देश दिया गया।

**पार्क में केक कटिंग का होगा आयोजन**: जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला और प्रखंड मुख्यालयों में प्रभात फेरी के लिए रूट तय कर कार्यक्रम आयोजित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला मुख्यालय में महानुभावों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और समाहरणालय परिसर स्थित पार्क में केक कटिंग का आयोजन होगा। सिविल सर्जन को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। 21 मार्च 2026 को डुमरांव के राज उच्च विद्यालय में उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संतूर, शहनाई सहित अन्य वाद्य यंत्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा, जिनकी प्रस्तुति के बाद मुख्य कार्यक्रम शुरू होगा।

**एंबुलेंस-दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश**: सिविल सर्जन को सभी कार्यक्रम स्थलों पर एंबुलेंस और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को कार्यक्रमों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रशासन का कहना है कि इन सभी कार्यक्रमों को भव्य और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

# बख्तियारपुर में अधूरा आरओबी देख नाराज हुए मुख्यमंत्री, अधिकारियों को लगाई फटकार

## समय पर काम पूरा करने का दिया निर्देश, अधिकारियों ने मांगा एक माह का समय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना/बाढ़।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बख्तियारपुर का दौरा कर कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) तथा करजान–ताजपुर पुल परियोजना का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आरओबी का निर्माण कार्य अधूरा देखकर मुख्यमंत्री नाराज हो गए और अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने की सख्त हिदायत दी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे बार-बार अधिकारियों से निर्माण कार्य समय पर पूरा करने को कहते हैं, लेकिन इसके बावजूद कार्य में लगातार देरी हो रही है। इस पर अधिकारियों ने हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री से एक माह का अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया और आश्वासन दिया कि निर्धारित समय के भीतर काम पूरा कर लिया जाएगा। इसी दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने "देश का नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो" के नारे भी लगाए।





**करजान–ताजपुर पुल परियोजना की नई डेडलाइन 2027:** निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने करजान–ताजपुर पुल परियोजना की भी समीक्षा की। यह मुख्यमंत्री का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट माना जाता है, लेकिन अब तक यह कई बार तय समय सीमा को पार कर चुका है। अधिकारियों के अनुसार अब इस परियोजना को पूरा करने की नई समय सीमा वर्ष 2027 तय की गई है। अधिकारियों ने दावा किया कि परियोजना का लगभग 62 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, हालांकि जमीनी स्तर पर अभी भी कई हिस्सों में निर्माण कार्य अधूरा है। पथ निर्माण विभाग ने कई बार निर्माण कंपनी को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**कई बार बढ़ चुकी है निर्माण अवधि:** करजान–ताजपुर पुल परियोजना की शुरुआत वर्ष 2011 में नवयुगा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा की गई थी। प्रारंभिक योजना के अनुसार इस परियोजना को वर्ष 2016 तक पूरा किया जाना था, लेकिन विभिन्न कारणों से काम में लगातार देरी होती रही। इसके बाद परियोजना की समय सीमा मई 2016, फिर 2018, मार्च 2020 और बाद में मई 2026 तक बढ़ाई गई। निर्माण के दौरान कई बार तकनीकी समस्याएं, स्लैब गिरने की घटनाएं और आर्थिक परेशानियों के कारण भी कार्य प्रभावित हुआ, जिससे परियोजना लगातार पीछे खिसकती रही।

**परियोजना की लागत में भारी वृद्धि:** इस परियोजना की लागत भी समय के साथ काफी बढ़ गई है। शुरुआत में इसकी अनुमानित लागत लगभग 1604 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर करीब 3923 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। परियोजना के तहत कुल 51.26 किलोमीटर लंबा मार्ग बनाया जाना है। इसमें गंगा नदी पर लगभग 5.51 किलोमीटर लंबा पुल और करीब 45.75 किलोमीटर सड़क मार्ग का निर्माण शामिल है। इस पुल के निर्माण से महात्मा गांधी सेतु और राजेंद्र सेतु पर यातायात का दबाव कम होगा तथा उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और अधिक सुगम हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और तय समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं है और कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई भी की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों से वसूला जुर्माना

**मसौढ़ी।** अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मसौढ़ी थाना पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने सड़क पर गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजातों की जांच की तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। अभियान के दौरान थानाध्यक्ष विवेक भारती के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई स्थानों पर वाहनों की जांच की। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात, हेलमेट और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की। साथ ही वाहनों की डिक्की की भी तलाशी ली गई, ताकि किसी प्रकार की अवैध वस्तु या संदिग्ध सामग्री की जांच की जा सके। जांच के दौरान जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक कागजात या हेलमेट नहीं पाए गए, उनसे यातायात नियमों के तहत जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह अभियान अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।

### ओवरलोड बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक मौके से फरार; 1.17 लाख का जुर्माना



**नौबतपुर।** पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को शनिवार सुबह बड़ी सफलता मिली। नौबतपुर बाजार में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने क्षमता से अधिक बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। हालांकि कार्रवाई के दौरान चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा नौबतपुर बाजार में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस की नजर एक संदिग्ध ट्रैक्टर पर पड़ी, जिसमें निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक बालू लदा हुआ था। पुलिस ने जब वाहन को रोकने का संकेत दिया तो चालक घबराकर ट्रैक्टर को वहीं छोड़कर भाग निकला। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर नौबतपुर थाना लाकर जब्त कर लिया। थाना प्रभारी मंजीत ठाकुर ने बताया कि अवैध बालू ढुलाई और ओवरलोडिंग के खिलाफ क्षेत्र में लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह ट्रैक्टर पकड़ा गया है। नियमों का उल्लंघन करने के कारण जब्त ट्रैक्टर (संख्या BR 56 G 4379) पर 1 लाख 17 हजार 40 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस के अनुसार फरार चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वाहन के मालिक और चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध बालू परिवहन और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### शहादत दिवस के मौके पर फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन युवा शक्ति क्लब सांडा ने एक्सीलेंट फुटबॉल क्लब धनबाद टीम को 4-1 से किया पराजित





**मसौढ़ी!** धनरूआ प्रखंड के सांडा खेल मैदान पर शनिवार को बिहार पुलिस के सिपाही अलका अनुपम की शहादत दिवस पर एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया.जिसमें युवा शक्ति क्लब सांडा ने एक्सीलेंट फुटबॉल क्लब धनबाद टीम को 4-1 पराजित किया.इससे पहले पूर्व सैनिक संघ के प्रतिनिधियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया.खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ियों ने अलका अनुपम के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी. कार्यक्रम का उद्घाटन सांडा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार धनेश्वर ठाकुर एवं राजेश कुमार बिंद ने संयुक्त रूप से की. जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सूर्यदेव ठाकुर एवं मंच संचालन अशोक कुमार आर्या ने किया. इस मौके पर ओम सर उमा शंकर पुनाई जी अलका अनुपम के पति मनीष कुमार गुड्डू सोनू मोनू मौजूद रहे।

### हाजीपुर में रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत

**हाजीपुर।** हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक सचिन कुमार की मौत हो गई। यह घटना देर रात करीब 11 बजे वास्तु बिहार फेज वन के अंदर हुई।मृतक की पहचान जंदाहा थाना क्षेत्र के खोपी गांव निवासी के रूप में हुई है। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज में दिख रहा है कि रात करीब 11 बजे वास्तु बिहार फेज वन के अंदर एक चलती कार का कुत्तों का झुंड पीछा कर रहा था। इसी दौरान एक बाइक आ गई और कुत्ते कार को छोड़कर बाइक के पीछे दौड़ने लगे।इससे बाइक चालक अपना संतुलन खो बैठा और कार से टकराकर सड़क पर गिर गया,जिससे सचिन कुमार की मौत हो गई। मृतक सचिन कुमार अमरनाथ सिंह के पुत्र थे और अविवाहित थे। वह दो भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। फिलहाल,वह हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र के वास्तु बिहार फेज वन में किराए के मकान में रहते थे।

## आम के बगीचे में पेड़ से लटके मिले नाबालिग लड़का-लड़की के शव, इलाके में सनसनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा थाना क्षेत्र के सिरिसिया गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक आम के बगीचे में नाबालिग लड़का और लड़की के शव पेड़ से लटके मिले। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और इलाके में हड़कंप मच गया। यह बगीचा गांव के ही सुब्बा यादव का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार दोनों मृतकों की पहचान सिरिसिया गांव निवासी इजहार अंसारी की 16 वर्षीय पुत्री सहाबुन नेशा और शेख बुनाद के 17 वर्षीय पुत्र सैदुल्लाह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात दोनों अपने-अपने घरों में परिवार के साथ थे और खाना खाकर सो गए थे। शनिवार तड़के सेहरी के समय जब परिवार के लोगों ने उन्हें घर में नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की गई। इसी दौरान ग्रामीणों ने सुब्बा यादव के आम के बगीचे में एक पेड़ से दोनों के शव लटके देखे।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य एकत्र किए हैं। इसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच सह अस्पताल, बेतिया भेज दिया गया।

पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले में हत्या और आत्महत्या दोनों ही संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। कुछ स्थानीय लोग इसे आत्महत्या बता रहे हैं, जबकि कुछ का कहना है कि दोनों की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया हो सकता है ताकि जांच को भटकाया जा सके। हालांकि पुलिस का दावा है कि जांच के बाद जल्द ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी।

घटनास्थल पर पुलिस के साथ दोनों परिवारों के सदस्य भी मौजूद रहे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ निरीक्षक राजीव कुमार, थानाध्यक्ष नीतिश कुमार मौर्य सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और कुछ लोग इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर भी देख रहे हैं। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने में जुटी है।

## होली के बाद बढ़ी यात्रियों की भीड़, दानापुर मंडल से 9 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं

### पटना, दानापुर और राजगीर से देश के विभिन्न शहरों के लिए अतिरिक्त रेल सेवा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** होली पर्व के बाद यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। दानापुर मंडल की ओर से 7 मार्च को 9 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। ये ट्रेनें नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त चलाई जा रही हैं, ताकि यात्रियों को विभिन्न शहरों के लिए यात्रा करने में सुविधा मिल सके। रेल प्रशासन के अनुसार स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से पटना, दानापुर और आसपास के क्षेत्रों से देश के अलग-अलग शहरों के लिए यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन ट्रेनों में पटना से नई दिल्ली, पटना से राजगीर, दानापुर से पुणे के लिए दो ट्रेनें, दानापुर से एसएमवीटी बेंगलुरु, दानापुर से फिरोजपुर कैंट, दानापुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, शेखपुरा से आनंद विहार तथा राजगीर से पटना के लिए विशेष रेल सेवाएं शामिल हैं।



यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की है। इसके साथ ही स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल भी लगाए गए हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। दानापुर मंडल के कंट्रोल रूम और प्रमुख स्टेशनों पर बनाए गए वार रूम से पूरे परिचालन की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

रेलवे प्रशासन ने बताया कि यात्रियों की सहायता के लिए ट्रेनों में टीटीई और आरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई है। अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर अधिकारियों की मौजूदगी भी सुनिश्चित की गई है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए कई स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा अधिक भीड़ वाली ट्रेनों में यात्रियों की कतारबद्ध बोर्डिंग सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात किया गया है। रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से भी लगातार साझा की जा रही है, ताकि यात्रियों को समय पर जानकारी मिल सके और उन्हें यात्रा के दौरान किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## बिहटा के राघोपुर बाजार समिति में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, झुग्गी-झोपड़ियां और अस्थायी दुकानें हटाई गईं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिहटा।** नगर परिषद क्षेत्र के राघोपुर बाजार समिति परिसर में शनिवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। दानापुर अनुमंडल कार्यालय के निर्देश पर प्रशासन और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए कई झुग्गी-झोपड़ियों और अस्थायी दुकानों को बुलडोजर की मदद से हटाया। अभियान के दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। जानकारी के अनुसार, बाजार समिति परिसर में लंबे समय से कुछ





लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर रहना और अस्थायी दुकानें चलाना शुरू कर दिया गया था। इससे बाजार क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। कई बार रास्ता अवरुद्ध हो जाने के कारण स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा, अतिक्रमण के कारण सफाई व्यवस्था बाधित हो रही थी और यातायात भी प्रभावित हो रहा था।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने स्थिति का जायजा लिया और अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। इसी के तहत शनिवार को नगर परिषद की टीम, अंचल कर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। बुलडोजर की मदद से एक-एक कर अवैध ढांचे हटाए गए और जमीन को खाली कराया गया। बिहटा नगर परिषद की स्वच्छता पदाधिकारी साक्षी पाठक ने बताया कि दानापुर अनुमंडल कार्यालय के निर्देश के तहत यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों और सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी अतिक्रमण पाया जाता है तो प्रशासन द्वारा इसी तरह कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पटना पुलिस लाइन से भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस की कड़ी निगरानी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कर ली गई।

अधिकारियों ने बताया कि आगे भी नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। नगर परिषद के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे सरकारी जमीन या सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा न करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि अतिक्रमण हटने के बाद बाजार क्षेत्र में आवागमन और सफाई व्यवस्था पहले से बेहतर हो सकेगी।

## बिक्रम के सैदाबाद गांव के श्रेष्ठ राज बने भारतीय सेना में अधिकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रम,पटना।** पटना जिले के बिक्रम प्रखंड अंतर्गत सैदाबाद गांव निवासी श्रेष्ठ राज ने भारतीय सेना में अधिकारी बनकर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने गया स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर सेना में अधिकारी के रूप में अपनी सेवा की शुरुआत की है। गया के ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित एक समारोह के दौरान श्रेष्ठ राज को बैज और कैप प्रदान किए गए। इसके साथ ही उन्हें भारतीय सेना के अधिकारी के रूप में शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से सेना में अपनी जिम्मेदारियां संभाल लीं। बताया जाता है कि श्रेष्ठ राज बिक्रम प्रखंड के पहले ऐसे युवा हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में अधिकारी रैंक हासिल की है। उनकी प्रारंभिक नियुक्ति राष्ट्रीय राइफल्स सिग्नल कोर के साथ जम्मू-कश्मीर के राजौरी क्षेत्र में की गई है, जहां वे देश की सेवा करेंगे। श्रेष्ठ राज की इस उपलब्धि से उनके



परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। उनके पिता रामकुमार सिंह सहित पूरे परिवार को उन पर गर्व है। बड़े पापा राज कुमार सिंह (बाबू साहेब) के अलावा परिवार के सदस्य मनोज, धीरज, टुल्लू, भुट्टू, विक्की, नीरज, छोटू और रुद्र ने उन्हें बधाई दी है। गांव के लोगों ने भी श्रेष्ठ राज की इस सफलता पर खुशी जताई और कहा कि उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी देश सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी।

## बिहार के शहरों में अवैध होर्डिंग के खिलाफ विशेष अभियान, 11 हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई

## लगभग 20 लाख रुपए जुर्माना वसूला, कई विज्ञापन एजेंसियों को भेजा गया नोटिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार के सभी शहरों में अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के खिलाफ नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत राज्य के 38 जिलों के 264 नगर निकायों में अब तक 11 हजार से अधिक अवैध होर्डिंग के मामलों में कार्रवाई की गई है। इन मामलों में करीब 20 लाख रुपए की दंड राशि भी वसूल की गई है। राजधानी पटना में भी अवैध होर्डिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। पटना नगर निगम क्षेत्र में अब तक 200 से अधिक अवैध होर्डिंग हटाए जा चुके हैं, जबकि 250 से अधिक होर्डिंग के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा नगर निगम के अंतर्गत आने वाली 54 विज्ञापन एजेंसियों पर 107.12 करोड़ रुपए का बकाया है, जिसके भुगतान के लिए उन्हें नोटिस भेजा गया है।



**पाटलिपुत्र अंचल में सबसे अधिक कार्रवाई:** पटना नगर निगम क्षेत्र में सबसे अधिक कार्रवाई पाटलिपुत्र अंचल में की गई है, जहां 59 अवैध होर्डिंग हटाए गए हैं। वहीं कंकड़बाग अंचल में 89 अवैध होर्डिंग के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम प्रशासन द्वारा बिना अनुमति सार्वजनिक स्थलों, सड़कों के किनारे, बिजली के खंभों, सरकारी परिसरों, निजी भवनों और अन्य स्थानों पर लगाए गए विज्ञापन, यूनिपोल और होर्डिंग के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा निजी भवनों की छतों और दीवारों पर बिना वैध अनुमति लगाए गए होर्डिंग को भी हटाने की कार्रवाई की जा रही है और संबंधित लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है।

**सिंडिकेट बनाकर सरकार को हो रहा राजस्व नुकसान:** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अवैध बैनर-पोस्टर लगाने वाले विज्ञापनकर्ताओं के खिलाफ विभाग कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर लोग सिंडिकेट बनाकर अवैध तरीके से विज्ञापन लगाकर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि कई बार विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने पर संबंधित लोग आजीविका का हवाला देकर न्यायालय की शरण लेते हैं। ऐसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए विभाग की ओर से नई कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

**कई नगर निगमों में हुई कार्रवाई:** राज्य के अन्य शहरों में भी अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। भागलपुर नगर निगम ने इस मामले में 10 प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और 19 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला है। दरभंगा नगर निगम की टीम ने भी अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग हटाए और संबंधित सामग्री को जब्त कर लिया। वहीं मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में करीब 55 अवैध होर्डिंग हटाए गए हैं। इसके अलावा बेगूसराय नगर निगम में सात अवैध होर्डिंग हटाए गए हैं तथा 71 अवैध होर्डिंग के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। नगर विकास विभाग का कहना है कि शहरों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चैत्र नवरात्र 19 मार्च से, नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की होगी पूजा

एजेंसी। रांची

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होकर 27 मार्च नवमी को समाप्त होगी। पुरोहित मनोज पांडेय ने शनिवार को बताया कि यह पर्व अत्यंत पवित्र माना जाता है, क्योंकि मान्यता है कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने संपूर्ण सृष्टि की रचना की थी। नवरात्रि का पर्व संवत्सर के आरंभ का प्रतीक भी है। नौ दिनों तक मां दुर्गा की नौ स्वरूपों की विशेष पूजा-अर्चना का महत्व है। घरों में मां दुर्गा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है और उनके नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार कई अत्यंत शुभ योग बन रहे हैं। इन योगों में पूजा-अर्चना करने से भक्तों पर मां दुर्गा की विशेष कृपा बनी रहती है और उनका जीवन सुख,समृद्धि और आध्यात्मिक शांति



से परिपूर्ण होता है। पुरोहित ने बताया कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्रि के पहले दिन अत्यंत दुर्लभसंयोग बन रहा है,जिसे पूजा-पाठ के लिए बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन शुक्ल योग का निर्माण हो रहा है। कलात्मक योग,शुक्ल योग और छत्र योग में कलश स्थापना की जाएगी। कलश स्थापना के लिए सुबह 6.52 से 7.43 बजे तक मुहूर्त है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन शुभयोग में पूजा-पाठ करने से साधक को इच्छापूर्ति का आशीर्वाद मिलता है और सभी दुखों का नाश होता है। पुरोहित ने बताया कि नवरात्रि में भक्ति भावना से लोग पूजा-पाठ मंत्र उच्चारण कर देवी को प्रसन्न करके सुख और सौभाग्य की कामना करेंगे। 26 मार्च को महाअष्टमी का व्रत रखा जाएगा। 27 को महानवमी का पाठ, कन्या पूजन हवन, आरती के साथ पूजन संपन्न होगा। इस दिन भगवान राम का जन्म दिवस (रामनवमी ) मनाया जाएगा। वहीं, चैती छठ पूजा 22 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च तक चलेगी।

**-नहाय-खाय (पहला दिन):** 22 मार्च 2026, रविवार

**खरना पूजा (दूसरा दिन):** 23 मार्च 2026, सोमवार-संध्या अर्घ्य

**(तीसरा दिन):** 24 मार्च 2026, मंगलवार (डूबते सूर्य को अर्घ्य)-उषा अर्घ्य

**(चौथा दिन):** 25 मार्च 2026, बुधवार (उगते सूर्य को अर्घ्य)

उन्होंने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष से सनातन नववर्ष यानी नव संवत्सर और बसंत नवरात्रि की शुरुआत होती है। इस पावन अवसर पर भक्त नौ दिनों तक मां दुर्गा का व्रत रखते हैं और दुर्गा पाठ,जप तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि के दौरान कई महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व भी आते हैं। इस अवधि में भगवान सूर्य की आराधना,चैती छठ का व्रत,भगवान विष्णु के मत्स्यावतार तथा भगवान श्रीराम के अवतार दिवस का पूजन और दर्शन किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वर्ष भर में केवल चैत्र नवरात्रि ही ऐसा पर्व है,जब नवसंवत्सर, गौरी तृतीया व्रत और चैती छठ एक साथ मनाए जाते हैं।

# बच्चा चोरी के शक में युवक-युवती से मारपीट

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र के रसुनचोपा गांव में शनिवार को बच्चा चोरी के शक में ग्रामीणों ने एक युवक और युवती को पकड़ लिया। दोनों पर संदेह जताते हुए ग्रामीणों ने उनसे पूछताछ की और इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट भी कर दी। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि इलाके में पिछले कुछ दिनों से बच्चा चोरी की अफवाह तेजी से फैल रही है। इसी वजह से ग्रामीण पहले से सतर्क हैं। शनिवार को गांव में घूमते हुए एक युवक और युवती को देखकर लोगों को शक हुआ। ग्रामीणों ने दोनों को रोककर उनकी पहचान और गांव में आने का कारण पूछा, लेकिन वे स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। इससे लोगों का शक और बढ़ गया और देखते ही देखते भीड़ इकट्ठा हो गई। इसी दौरान कुछ लोगों ने बच्चा चोरी के आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना मिलते ही कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों को ग्रामीणों के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें अपने साथ थाने ले गई। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जानकारी



मिली है कि युवक और युवती चाईबासा क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि दोनों मानसिक रूप से अस्वस्थ हो सकते हैं। पुलिस उनकी पहचान और परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में बच्चा चोरी की अफवाह के कारण इलाके में कई बार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ दिन पहले मानपुर पंचायत में भी ग्रामीणों ने एक सर्वेयर को बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया था, लेकिन बाद में जांच में वह मामला गलतफहमी निकला था। कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें और कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा कि अगर किसी अनजान व्यक्ति पर संदेह होता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि मामले की सही तरीके से जांच की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बीमार जंगली हाथी का वन विभाग करा रहा है इलाज



**खूंटी**। जंगल से भटककर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहे एक बीमार जंगली हाथी के इलाज के लिए वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। वन विभाग के कर्मी लगातार हाथी की निगरानी कर उसकी सेहत पर ध्यान रख रहे हैं। जानकारी के अनुसार उकरीमारी पाकर टोली जंगल में पहुंचे बीमार जंगली हाथी को प्रभारी वनपाल अविनाश लुगुन के नेतृत्व में शनिवार को दर्द निवारक और विटामिन की दवा दी गई। वन विभाग की टीम ने दवाइयों को केला और तरबूज में मिलाकर हाथी को खिलाया, ताकि वह आसानी से दवा ग्रहण कर सके। बताया गया कि वन विभाग के कर्मचारी लगातार जंगली हाथी को ट्रैक कर रहे हैं और उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। विभाग के अनुसार यह हाथी पहले खूंटी क्षेत्र से भटककर तोरपा के बिरता जंगल पहुंच गया था। वहां आसपास के खेतों में घुसकर हाथी ने किसानों की फसलों को रौंद दिया, जिससे उन्हें नुकसान हुआ। फसलों को नुकसान होने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए थे। ग्रामीणों की भीड़ के कारण जंगली हाथी को बिरता जंगल से खदेड़ दिया गया, जिसके बाद वह दूसरे क्षेत्र की ओर चला गया। वन विभाग की टीम ने हाथी की स्थिति को देखते हुए उसे दवा देने का निर्णय लिया। इस दौरान वनरक्षी राहुल महतो, आनंद मुंडरी और अभिषेक शर्मा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगली हाथी के आसपास भीड़ न लगाएं और दूरी बनाकर रखें, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके।

### महिला से छेड़खानी और मारपीट करने वाला आरोपित गिरफ्तार, नशे की हालत में की थी वारदात



**पूर्वी सिंहभूम** । जिले के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कन्हैया रजक (29) के रूप में हुई है, जो बागबेड़ा नया बस्ती रोड नंबर–3 का निवासी बताया जा रहा है। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) कुमार शिवाशीष ने शनिवार को बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देश पर महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) कानून-व्यवस्था के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे मुख्य आरोपित कन्हैया रजक को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई थी जब एक महिला गली से होकर गुजर रही थी। उसी दौरान नशे की हालत में मौजूद आरोपित युवक ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़खानी की। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। घटना के बाद इलाके में काफी आक्रोश का माहौल बन गया था। पुलिस की जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि आरोपित का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में जेल जा चुका है।

# एयरपोर्ट की मांग को लेकर सिंहभूम चेंबर का पार्क में धरना

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

शहर और कोल्हान क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से बिष्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क में धरना-प्रदर्शन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले इस विरोध कार्यक्रम में चेंबर के पदाधिकारियों, व्यवसायियों, उद्यमियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सरकार से जल्द एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई। धरना कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं में सिंहभूम चेंबर के अध्यक्ष मानव केडिया,अनिल मोदी, अशोक अग्रवाल, विजय मुनका सहित अन्य ने कहा कि जमशेदपुर देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में शामिल है और यहां टाटा स्टील समेत कई बड़ी औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं। इसके बावजूद शहर में अब तक नियमित एयर कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे उद्योग, व्यापार, निवेश और पर्यटन के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट निर्माण की घोषणा कई वर्ष पहले की जा चुकी




है, लेकिन अब तक जमीन अधिग्रहण और अन्य प्रक्रियाएं पूरी नहीं होने के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई है। चेंबर के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का निर्माण जल्द शुरू होता है तो इससे पूरे कोल्हान क्षेत्र को लाभ मिलेगा। इससे जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां और आसपास के जिलों के उद्योग, व्यापार और पर्यटन को नई गति मिलेगी। साथ ही देश के विभिन्न शहरों से यहां आने वाले निवेशकों और पर्यटकों के लिए भी यात्रा आसान हो जाएगी। धरना के दौरान चेंबर के पदाधिकारियों ने राज्य और केंद्र सरकार से मांग की कि धालभूमगढ़ एयरपोर्ट परियोजना को प्राथमिकता देते हुए सभी प्रशासनिक और तकनीकी अड़चनों को जल्द दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस परियोजना पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो चेंबर आगे और भी व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# बाउंड्री का ताला तोड़कर पांच खस्सी की चोरी, इलाके में दहशत

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण क्षेत्र बोड़ाम थाना के आंधारझोर गांव के केंदडीह टोला में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर पांच खस्सी (बकरा) चोरी कर ली। चोरी गए खस्सियों की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार केंदडीह टोला निवासी आशुतोष महतो ने ईद के बाजार को ध्यान में रखते हुए पांच खस्सी पाल रखे थे। शुक्रवार रात परिवार के सभी सदस्य रोज की तरह बाउंड्री गेट में ताला लगाकर सो गए थे। देर रात करीब 12 बजे के बाद चारपहिया वाहन से पहुंचे चोरों ने बाउंड्री में लगे ग्रिल का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। इसके बाद घर के परिसर में बंधे सभी खस्सियों को वाहन में लादकर फरार हो गए। शनिवार सुबह करीब पांच बजे जब परिवार के लोग सोकर उठे तो बाउंड्री



का ताला टूटा हुआ मिला और खस्सी गायब थे। इसके बाद परिवार के लोगों ने तुरंत बोड़ाम थाना को सूचना दी। पीड़ित आशुतोष महतो ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों ने पहले पड़ोस में रहने वाले राजू महतो के घर में घुसने की भी कोशिश की थी। हालांकि वहां खस्सी घर के अंदर बंधे हुए थे और परिवार के लोगों के जागने की आशंका के कारण चोरों ने बाहर से दरवाजे की सिकड़ी बंद कर दी और वहां से निकल गए।

# खूंटी में सड़क हादसों से बढ़ी चिंता, दो महीने में 32 लोगों की मौत

एजेंसी। खूंटी

झारखंड के खूंटी जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष 3 जनवरी से 5 मार्च के बीच जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में 32 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 29 लोग आदिवासी समुदाय से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर चिंता और भी बढ़ गई है। पुलिस के अनुसार, जिले के अलग-अलग इलाकों में तेज रफ्तार, लापरवाही और नशे की हालत में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह बन रहा है। कई मामलों में बाइक चालक नशे में वाहन चलाते हुए नियंत्रण खो देते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो जाते हैं। तोरपा के सामाजिक कार्यकर्ता संतोष जायसवाल और धर्मेन्द्र कुमार का कहना है कि सड़क हादसों के बढ़ते मामलों के पीछे शराब का सेवन एक बड़ा कारण बनकर सामने आ रहा है। उनके अनुसार, कई चालक शराब पीकर बाइक या अन्य वाहन चलाते हैं और वाहन पर नियंत्रण खो बैठते हैं। खासकर रात के समय और ग्रामीण सड़कों पर ऐसी घटनाएं अधिक देखने को मिल रही हैं। इसके अलावा तेज रफ्तार, हेलमेट का उपयोग नहीं करना, सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी और खराब सड़क व्यवस्था भी दुर्घटनाओं की वजह बन रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोग बिना हेलमेट के बाइक चलाते हैं और कई बार एक ही बाइक पर तीन-तीन लोग सवार हो जाते हैं, जिससे हादसों की संभावना बढ़ जाती है। मुरहू थाना क्षेत्र के राजा कुंजला ग्राम समिति के अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो तथा ओम प्रकाश कश्यप ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी हरि शंकर बारीक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं और लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा समितियों का गठन किया जाएगा और सड़क सुरक्षा मित्रों को जागरूकता अभियान में लगाया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके। सेवानिवृत्त शिक्षक पंचम साहू ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन और आम लोगों को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे। यदि लोग स्वयं सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन करें तो कई दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उल्लेखनीय है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में 3 जनवरी को रोशन डोडराय, 4 जनवरी को माणिक पाहन, 8 जनवरी को सुशील प्रवीण तिरु और सुनील भेंगरा, 12 जनवरी को भरत उरांव, 13 जनवरी को एक अज्ञात व्यक्ति, 17 जनवरी को रवि मुंडा, 20 जनवरी को गुसलु बडिंग और मंगल सोय, 23 जनवरी को टीपला होरो और एतवारी, 25 जनवरी को मसीह कच्छप, 29 जनवरी को बंधन देवी, 30 जनवरी को रसिक भेंगरा, 31 जनवरी को रवि मुंडा शामिल हैं।

# न्यू कॉलोनी टुंगरी में लगी आग, मची अफरा-तफरी

एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम

पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू कॉलोनी टुंगरी में स्थित डॉ. ओम कुमारी नर्सिंग होम के पास शुक्रवार देर रात अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि समय पर दमकल की टीम पहुंचने से एक बड़ी घटना होने से बच गई। मिली जानकारी के अनुसार, आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। आग की चपेट में वहां रखा एक सीमेंट मिक्सर मशीन भी आ गया, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। देर रात अचानक उठती तेज लपटों को देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई, क्योंकि यह घनी आबादी वाला आवासीय इलाका है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने समाजसेवी त्रिशानु राय को दी। सूचना मिलते ही उन्होंने एहतियातन पश्चिमी सिंहभूम के फायर ऑफिसर को फोन कर आग लगने की जानकारी दी और तत्काल दमकल भेजने का अनुरोध किया। इसके बाद चाईबासा अग्निशमन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। घटनास्थल पर सूखे पत्तों का ढेर होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जिससे दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कड़ी मेहनत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास के घरों तक आग फैलने से रोक लिया गया।

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)**
email – dprogarhwa@yahoo.com/dprogarhwa84@gmail.com

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अंतर्गत अवस्थित 03 नगरपालिका क्षेत्र यथा गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख), श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत एवं मझिऑव नगर पंचायत के अध्यक्ष पद एवं वार्ड पार्षद पद के निर्वाचन परिणाम आयोग के विहित प्रपत्र 23 (क) एवं 23 (ख) में इस जिले के गजट सं0– 08, 09, 10, 11, 12 एवं 13 के द्वारा प्रकाशित कर जिला के वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 374319 Panchayati Raj (25-26)_D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौषल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, (रोजगार कार्यालय) गढ़वा**

**राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर**

**भर्ती कैम्प सूचना-2026**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–09.03.2026 (दिन–सोमवार ) को पूर्वाहन–11.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक औ0प्रशिक्षण संस्थान, हंसकेर,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2026'' आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Terrier Security Services(I) Pvt Ltd | Security Guard | 150 | 10th pass | - | 0-3yer | 20-40 yer` | 16-23k | All Over India |
| 02 | Parishram Human Resource | Meter Installation | 500 | ITI | Electrical | Fresher | 30 yer | 20k | CG, Odisa |
| 03 | Instakart Services Pvt Ltd | Wish Master (Delivery Executive) | 20 | Freelancer | - | - | 18-40 yer | 15-20k | Garhwa/Palamu |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट – WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, गढ़वा से सम्पर्क कर सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 374382 Labour Employment and Traning (25-26)_D

**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा**
**संयुक्त कृषि भवन, पिपराकला, गढ़वा पिन कोड–822114**
E-mail : horticulturegarhwa2021@gmail.com

**किसान भाईयों के लिए आम सूचना।**

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए **''कृषि निर्यात एवं कृषि विपणन–सह–पोस्ट हार्वेस्ट आधारभूत संरचना का विकास''** योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान पर भौतिक लक्ष्य के प्राप्ति एवं योजना का कार्यान्वयन हेतु इच्छुक कृषकों/महिला समूह/सखी मंडल/कृषक समूह/FPO से आवेदन आमंत्रित की जाती है।

इस योजना का उद्देश्य राज्य में उत्पादित उद्यानिकी फसलों यथा–सब्जीयों एवं फलों की कटाई पश्चात होने वाली बर्बादी को कम करना एवं सब्जियों एवं फलों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से कृषकों की आय में वृद्धि करना है। फलों सब्जीयों का कटाई पश्चात प्रबंधन एवं आपूर्ति श्रृंखला में बड़े पैमाने पर नुकसान ना हो एवं सब्जियों आदि का उचित रख–रखाव ग्रेडिंग, पैकेजिंग प्रबंधन एवं भंडारण व्यवस्था का अभाव के कमी को पूरा करना है। इसके तहत् निम्न योजना अवयव दी जानी है :–

| क्र0 | योजना अवयव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | टमाटर सोर्टिंग एवं ग्रेडिंग इकाई | इस योजना का कियान्वयन सामुहिक एवं सम्पन्न कृषकों को 70% अनुदान तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर कृषकों को 95% अनुदान से किया जायगा। |
| 2 | वातावरण नियंत्रित पूर्व शीतलन कक्ष (Precooling Unit) (1 MT) | |
| 3 | पैक हाउस इकाई की स्थापना (6mx9m) | |
| 4 | वाष्पणिक /निम्न उर्जा शीत कक्ष इकाई की स्थापना (Cold Room 8 MT) | |
| 5 | माप तौल यन्त्र (Weighing Machine) (200Kg) | |

1. इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषकों को कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्णरूप से भर कर पंचायतीराज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 14-03-2026 तक 5:00 बजे अपराह्न तक आवेदन दे सकते हैं।
2. आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, मोबाईल नं0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, जमीन संबंधी अद्यतन रसीद जिसके पीछे मुखिया द्वारा प्रमाणित वंशावली एवं आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले जमीन का जिक्र हो एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण–पत्र या चेक स्लिप लगाना अनिवार्य होगा।
3. आवेदन पर BAO/BTM/ATM/VLW/ATM/ का अनुशंसा होना आवश्यक है।
4. महिला कृषक/कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह/एफ.पी.ओ. के कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आवेदन कार्यालय द्वारा उपलब्ध विहित प्रपत्र में हीं भरा जायगा, जिसे कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
6. अपूर्ण एवं गलत भरा हुआ आवेदन स्वतः रद्द समझा जायगा।
7. योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जाएगा।
8. दिनांक 14-03-2026 के बाद किसी भी माध्यम से कार्यालय द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
9. अधिक जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.374324 Agriculture(25-26):D
जिला उद्यान पदाधिकारी गढ़वा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# पानीपत-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के गांवों में जमीन की रजिस्ट्री पर रोक

## जल्द शुरू होगा अधिग्रहण, 747 किमी लंबा होगा एक्सप्रेसवे

**पानीपत, एजेंसी।** पानीपत-गोरखपुर एक्सप्रेसवे में जमीन अधिग्रहण से पहले प्रभावित राजस्व गांवों में जमीन क्रय विक्रय एवं धारा 80 के अंतर्गत जमीन को अकृषक दर्ज करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। जिले में तहसील सदर एवं कैंपियरगंज में राजस्व गांवों में प्रभावित गाटो में रोक लगाई गई है, इन गांवों में अब एक्सप्रेसवे के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी।

सदर तहसील में बढ़नी, फुलवरिया, सियारामपुर, महराजगंज, ठाकुरपुर नं दो, ठाकुरपुर नं एक, खुटहन खास, जंगल नाकिन, जंगल डुमरी नं दो, रामपुर खुर्द, भिस्वां, इस्लामपुर, रामपुर बुजुर्ग, मेहदिया, जमुनिया, पोखरभिन्डा उर्फ चकदाह, समस्तपुर उर्फ मुडिला, कोटवा, खिरिया, आराजी बरवा, रामपुर थवईपार, गम्भीरपुर कम्हरिया, परसुरामपुर, सोनराइच उर्फ बड़ागांव एवं तहसील कैम्पियरगंज में लक्ष्मीपुर (पचवारा), लक्ष्मीपुर (भारीवैसी), मखनहा, ठकुरापार, भरोहिया, गंगापार, रामपुर कैथवलिया, बेलघाट बुजुर्ग, रमवापुर, दोनफा, भईयाराम, जरहद, नयनसर, हिरूवा, बढ़या, चैक माफी, भुंइंधरपुर, साखी, तालकोमर, कानापार, निबा, कन्दरखावा में रोक लगाई गई है।

एनएचएआई के पत्र के अनुसार पानीपत गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए प्रभावित राजस्व गांवों में जमीन अधिग्रहण होना है। संबंधित गांवों में धारा 80 एवं जमीन के क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई है। इस मामले



में एसएसओ हिमांशु वर्मा ने बताया कि एनएचएआई के पत्र के अनुसार पानीपत गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए प्रभावित राजस्व गांवों में जमीन अधिग्रहण होना है। संबंधित गांवों में धारा 80 एवं जमीन के क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई है।

पानीपत-गोरखपुर एक्सप्रेसवे की लंबाई 747 किमी है। सिद्धार्थनगर से आगे बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ होते हुए आगे बनेगा। संतकबीरनगर के 20.25 किमी के बाद 280 मीटर का एरिया गोरखपुर का कवर होगा। पानीपत-गोरखपुर एक्सप्रेसवे मुरादाबाद मंडल के तीन जिलों से होकर गुजरेगा। एनएचएआई के स्थानीय टीम को मुरादाबाद और बरेली मंडल के क्षेत्र में निर्माण की औपचारिक जिम्मेदारी निभानी है। विभाग की ओर से इसके लिए चयनित गांवों की सूची तैयार कर ली गई है। दोनों मंडल में 1232 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की तैयारी है। एक्सप्रेसवे निर्माण को लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मार्च महीने के आखिर तक किसानों से जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी करने का ऐलान किया गया है। एनएचएआई की मुरादाबाद शाखा ने जनपद वार जिला प्रशासन को ऐसे गांवों की सूची जारी कर दी है।

### हिंदू देवी के नाम पर नॉन-वेज स्टॉल देख भड़के लोग

# यूट्यूबर समेत कई ने की तोड़फोड़; हरकत में आई फरीदाबाद पुलिस

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद में हिंदू देवी के नाम पर नॉन-वेज का स्टॉल लगाने पर कथित हिंदू कार्यकर्ता भड़क गए। उन्होंने न केवल स्टॉल पर लगा पोस्टर फाड़ डाला बल्कि स्टॉल संचालक को भी धमकाया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। तोड़फोड़ करने वालों में होडल का रहने वाला कॉमेडियन यूट्यूबर भी शामिल था, जिसे रेहड़ी वाले को धमकाते देखा जा सकता है। यह घटना फरीदाबाद सेक्टर-11 की बताई जा रही है। दरअसल, यह पूरा विवाद एक नॉन-वेज स्टॉल का नाम हिंदू देवी के नाम पर रखने के बाद से शुरू हुआ। खुद को हिंदू संगठन के सदस्य बताने वाले युवक स्टॉल पर पहुंचे और स्टॉल वाले को दुकान का नाम बदलने के लिए धमकाने लगे। इस दौरान उन्होंने रेहड़ी पर लगा पोस्टर फाड़ डाला। तोड़फोड़ करने वालों में एक होडल का कॉमेडियन यूट्यूबर गिरधर शर्मा भी शामिल है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कई युवकों को



रेहड़ी वाले के ऊपर चिल्लाते, रेहड़ी पर तोड़फोड़ करते देखा जा सकता है। स्टॉल संचालक ने पुलिस को इस मामले में कोई शिकायत नहीं दी है।

बताया जा रहा है कि स्टॉल संचालक भी हिंदू ही है। यूट्यूबर गिरधर शर्मा का कहना है कि स्टॉल संचालक हिंदू देवी के नाम पर नॉन-वेज की स्टॉल चला रहा था। उसे दो दिन पहले यह नाम हटाने के लिए आगाह किया गया था, मगर उसने बात नहीं मानी। इसके बाद उसकी दुकान से हिंदू देवी का नाम लगा पोस्टर हटाया गया है। वहीं, सेक्टर-11 चौकी पुलिस का कहना है कि वायल वीडियो संज्ञान में है, मगर अभी तक कोई व्यक्ति शिकायत लेकर नहीं आया है। यह वीडियो सेक्टर-11 में मिलन रेस्टोरेंट के पास का बताया जा रहा है। पुलिस टीम ने वहां भी जांच की, मगर ऐसा कोई स्टॉल संचालक नहीं मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनआईए को मिली केस डायरी, कोर्ट ने सात आरोपितों को जेल भेजा

**कोलकाता, एजेंसी।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार एनआइए को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में हुई हिंसा की घटना की केस डायरी मिल गई। एनआइए ने शुक्रवार को सात आरोपितों को अदालत में पेश किया और कहा कि फिलहाल वह उन्हें अपनी हिरासत में नहीं रखना चाहती। जरूरत पड़ने पर केस डायरी देखने के बाद उन्हें हिरासत में लेने के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद अदालत ने सातों आरोपितों को 13 मार्च तक जेल में रखने का आदेश दिया। बता दें कि 16 जनवरी को झारखंड में बंगाल के प्रवासी मजदूर अलाउद्दीन शेख की मौत की खबर के बाद बेलडांगा में हिंसा भडक़ उठी थी। उपद्रवियों ने तोडफ़ोड़ करने के साथ सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। राष्ट्रीय राजमार्ग–12 जाम कर दिया। इस घटना के संबंध में कलकत्ता हाई कोर्ट में कई मामले दर्ज किए गए। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा था कि यदि केंद्र सरकार चाहे तो बेलडांगा घटना की जांच के लिए एनआइए को नियुक्त कर सकती है। अदालत के आदेशानुसार जांच एनआइए को सौंप दी गई। हालांकि, आरोप है कि जांच शुरू होने के बावजूद एनआइए को मामले की केस डायरी नहीं मिली। इस संबंध में राच्य सरकार से अदालत में बार–बार सवाल किए गए।

### फरीदाबाद में कार के अंदर मिली दो सगे भाइयों की लाश

**फरीदाबाद, एजेंसी।** नवीन नगर इलाके में दो सगे भाईयों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। दोनों के शव देर रात अगवानपुर रोड पर कार के अंदर मिले। मृतकों की पहचान रोशन नगर निवासी 44 वर्षीय कुंदन कुमार और 38 वर्षीय रंजन कुमार के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में दोनों की मौत दम घुटने से हुई बताई जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भिजवाए हैं। स्वजन से पता चला है कि दोनों भाई शुक्रवार सुबह कार लेकर घर से निकले थे। देर शाम तक जब वापस नहीं लौटे तो स्वजन ने उनकी तलाश शुरू की। उनकी कार नवीन नगर इलाके में अगवानपुर रोड पर खड़ी मिली। उसके अंदर दोनों के शव थे। आस–पास के लोगों ने बताया कि कार सुबह 10 बजे से खड़ी थी, लेकिन किसी ने कार की तरफ ध्यान नहीं दिया, क्योंकि वहां सड़क किनारे और भी कारें खड़ी रहती हैं। पुलिस ने बताया कि कुंदन कुमार सेना से सेवानिवृत्त थे और रंजन कुमार छोटा मोटा काम करते थे। दोनों रोशन नगर इलाके में पिछले करीब 10 साल से रह रहे थे। पुलिस का कहना है कि मौत के असली कारण का पता पोस्टमार्टम से ही चलेगा। पुलिस ने कार भी कब्जे में ली है, उसकी भी छानबीन की जा रही है।

### चंडीगढ़ में ऑटो ड्राइवर से मारपीट कर मोबाइल और पर्स छीना

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मनीमाजरा के पिपलीवाला टाउन क्षेत्र में तीन युवकों ने ऑटो चालक से मारपीट कर उसका मोबाइल और पर्स लूट लिया। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे माता बनभौरी मंदिर के पास हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हल्लोमाजरा निवासी ऑटो चालक प्रदीप कुमार ट्रिब्यून चौक से तीन युवकों को ऑटो में बिठाकर मनीमाजरा छोड़ने के लिए लेकर आया था। जब ऑटो पिपलीवाला टाउन स्थित माता बनभौरी मंदिर के पास पहुंचा तो तीनों युवक नीचे उतर गए। इसके बाद उन्होंने अचानक ऑटो चालक के साथ धक्का–मुक्की शुरू कर दी और उससे मारपीट कर उसका मोबाइल फोन और पर्स छीन लिया। प्रदीप कुमार ने बताया कि उसके पर्स में ऑटो के कागजात, आधार कार्ड, अन्य जरूरी दस्तावेज और कुछ नकदी थी। घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग बाहर भी निकले, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत मनीमाजरा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही उन्हें काबू कर लिया जाएगा।

## मेडिकल कॉलेज रिश्वत मामले में पिता-पुत्र को सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा, एक-एक लाख का जुर्माना भी लगा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद में सीबीआई कोर्ट ने झज्जर के वर्ल्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च से जुड़े रिश्वतखोरी के मामले में आरोपी पिता–पुत्र को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। आरोपियों ने कोर्ट में प्ली बारगेनिंग यानि दोषमुक्ति समझौता के तहत कोर्ट से कम सजा दिए जाने की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को छह महीने के साधारण कारावास और एक–एक



लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी है। वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण देश के 46 मेडिकल कॉलेजों पर दाखिला लेने से रोक लगा दी थी। झज्जर स्थित वर्ल्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज भी इन्हीं प्रतिबंधित कालेजों में शामिल था। आरोप था कि कॉलेज के चेयरमैन डॉ. नरेंद्र सिंह और कुंवर निशांत सिंह ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए विनोद कुमार शर्मा और वैभव शर्मा के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश रची। इस काम के लिए रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 50 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। जिसे सीबीआई ने तीन अगस्त 2017 को छापामारी के दौरान बरामद कर लिया था। मुकदमे के दौरान आरोपितों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्ली बारगेनिंग के लिए आवेदन किया था। कोर्ट ने फैसला देते हुए पाया कि इस मामले में किसी भी सरकारी सेवक की संलिप्तता या राजकोष को आर्थिक हानि पहुंचाने का प्रमाण नहीं मिला है। आरोपितों ने अपने किए पर खेद प्रकट किया है। सीबीआई द्वारा जब्त किए गए 50 लाख रुपये को विभाग के पक्ष में जब्त करने का आदेश दिया गया है। विशेष सीबीआई न्यायाधीश प्रमेंद्र कुमार ने 27 फरवरी को दोनों को आईपीसी की धारा 120–बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा आठ के तहत दोषी ठहराया।

# एसआईआर में लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाने के खिलाफ सीएम ममता ने शुरू किया धरना

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल की मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के बाद मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों का नाम हटाए जाने के विरोध में शुक्रवार को यहां धरना शुरू किया। मध्य कोलकाता के धर्मतल्ला में मेट्रो चैनल पर दोपहर दो बजे से धरना शुरू करते हुए ममता ने भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोलते हुए बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और उन्हें बेनकाब करने की कसम खाई। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि मैं बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने के भाजपा-चुनाव आयोग के षड्यंत्र का पर्दाफाश करूंगी। उन्होंने दावा किया कि चुनाव को अपने पक्ष में मोडऩे के लिए भाजपा और आयोग द्वारा जानबूझकर नाम हटाए गए हैं। विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ के आठ मार्च को राज्य के दौरे पर पहुंचने से ठीक पहले ममता द्वारा धरना शुरू करने के कदम से तृणमूल और आयोग के बीच टकराव और बढ़ गया है। ममता का यह धरना कब तक चलेगा यह अभी स्पष्ट नहीं है।



ममता ने यह भी आरोप लगाया कि अंतिम मतदाता सूची में कई जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया है। उन्होंने इनमें से कई मतदाताओं को धरना मंच पर प्रस्तुत भी किया और कहा कि चुनाव आयोग को शर्म आनी चाहिए कि उसने एसआइआर में उन मतदाताओं को मरा हुआ चिन्हित कर दिया जो जिंदा हैं और यहां मेरे साथ मौजूद हैं। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रही है, जो खुद एक बेशर्म राजनीतिक ताकत है। मालूम हो कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा यह धरना प्रदर्शन निर्वाचन आयोग की ओर से एसआइआर के बाद बीते 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूचियों को प्रकाशित करने के कुछ ही दिनों बाद किया जा रहा है, जिसने राज्य के मतदाताओं की संख्या को काफी हद तक बदल दिया है। पिछले साल चार नवंबर को बंगाल में एसआइआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद हाल में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 8.3 प्रतिशत है। बंगाल में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर लगभग 7.04 करोड़ रह गई है।

# हिमाचल में तेजी से बदला मौसम, तीन डिग्री तक गिरा तापमान; ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात व वर्षा की संभावना

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में धूप के खिलने के बावजूद दिन के तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट आई है। कल्पा में वीरवार की अपेक्षा शुक्रवार 6 मार्च को 0.5 डिग्री की गिरावट आने के बावजूद 23.5 डिग्री दर्ज किया गया।



ये सामान्य 14.3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। केलंग में 1.1 डिग्री की गिरावट आने के बावजूद अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 12.2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। शिमला, व्युंतर, मनाली और कांगड़ा में अधिकतम तापमान सामान्य से 10 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में सबसे अधिक गिरावट नाहन में 3.5 डिग्री के कारण 24.3 डिग्री दर्ज किया गया है। जबकि बाकी स्थानों पर एक डिग्री से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि ऊना में 1.8 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। धर्मशाला और ताबो में एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में 34 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार सात मार्च को प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में कुछ एक स्थानों पर हिमपात व वर्षा का अनुमान है। हालांकि कुछ एक स्थानों पर बादलों के छाए रहने का अनुमान है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में ऐ से दो डिग्री का अंत आया है। कुछ स्थानों पर गिरावट तो कुछ में वृद्धि दर्ज की गई है। 9, 10 11 और 12 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के बढ़ने का अनुमान है। जिसके कारण 11 और 12 मार्च को व्यापक वर्षा हो सकती है। ऐसे में लगातार चल रहे सूखे से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में फरवरी माह में सामान्य से 90 प्रतिशत कम वर्षा और मार्च माह में अभी तक सूखे के कारण कृषि फसलों के साथ फलों पर असर हो रहा है।

## गाजियाबाद में निवेश का मौका, मधुबन बापूधाम योजना के मिक्स लैंड यूज प्लॉट बिक्री में; 18 मार्च को लगेगी बोली

**गाजियाबाद, एजेंसी।** प्राधिकरण की मधुबन बापूधाम योजना में पहली बार मिक्स लैंड यूज भूखंड खरीदने का मौका है। इसके साथ ही ग्रुप हाउसिंग, होटल, हाईस्कूल और अन्य व्यावसायिक भूखंड भी नीलामी के लिए रखे गए हैं। आगामी 18 मार्च को होने वाली नीलामी के लिए इच्छुक खरीदार 13 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। मधुबन बापूधाम योजना में 18 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित पांच मिक्स लैंड यूज भूखंड पहली बार बिक्री के लिए शामिल किए गए हैं। इन भूखंडों को खरीदने के बाद खरीदार प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराकर आवासीय के साथ व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित कर सकेंगे। अधिकारियों का कहना है कि इन भूखंडों की बिक्री के बाद अन्य मिक्स लैंड यूज भूखंड भी चरणबद्ध तरीके से बेचे जाएंगे। नीलामी में कुल 15 बड़े भूखंड शामिल किए गए हैं। इनमें चार ग्रुप हाउसिंग, तीन होटल और दो व्यावसायिक भूखंड हैं। इनका आकार एक हजार वर्ग मीटर से लेकर 20 हजार वर्ग मीटर तक है। इसके अलावा पाकेट ए, बी और सी में हाईस्कूल और अन्य सुविधाओं के लिए करीब दस भूखंड भी शामिल किए गए हैं, जिनका आकार एक हजार से छह हजार वर्ग मीटर तक है। जीडीए के अपर



सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि खरीदारों को रिजर्व प्राइस से अधिक बोली लगानी होगी और किसी भी भूखंड पर एकल बोली नहीं लगा सकेंगे। उन्होंने बताया कि गत वर्ष विभिन्न योजनाओं में भूखंडों की बिक्री से प्राधिकरण को करीब 288 करोड़ रुपये की आय हो चुकी है।

# हमले उन्हीं मुल्कों पर होते हैं जिनमें समाज बंटा होता है: मोहन भागवत

**जैसलमेर , एजेंसी।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि हमले उन्हीं मुल्कों पर होते हैं जिनमें समाज बंटा होता है। संघ प्रमुख ने जैसलमेर में आयोजित चादर महोत्सव के दौरान एकता और सद्भावना का संदेश देते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध और कलह इसलिए नहीं थम रहे क्योंकि हम अपनी आंतरिक एकता को भूल चुके हैं। जब तक हम स्वार्थ को त्याग कर एक मजबूत समाज के रूप में खड़े नहीं होंगे तब तक सच्ची शांति नहीं आएगी।

### फूट के कारण चलते रहे हैं युद्ध

मोहन भागवत ने कहा कि समाज अपनी एकता को नहीं पहचाना इसलिए दुनिया भर में कलह जारी है। समाजों के बीच फूट के कारण युद्ध चलते रहते हैं। लोग मन की करूणा भूल गए हैं। लोग इस सत्य को भूल गए कि हम दिखते अलग अलग हैं लेकिन सब एक हैं। संघ प्रमुख जैसलमेर में जैन समुदाय के 'चादर महोत्सव' के उद्घाटन के अवसर पर 'धर्म सभा' में बोल रहे थे।

### निष्प्रभावी हो चुका है संयुक्त राष्ट्र

संघ प्रमुख ने कहा कि जब पहला महायुद्ध हुआ तो दोबारा जंग ना हो इसके लिए 'लीग आफ नेशंस' की स्थापना की गई लेकिन वह भी नहीं चली। फिर दूसरा महायुद्ध हो गया। दोबारा युद्ध ना हों इसके लिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई लेकिन मौजूदा वक्त में इसके क्या हाल हैं देखा जा सकता है। आज संयुक्त राष्ट्र निष्प्रभावी है। आलम यह कि जो युद्ध चल रहे हैं थमने का नाम नहीं ले रहे है।

**बंटे समाज पर ही हमले:** मोहन भागवत



ने कहा कि ये झगड़े क्यों होते हैं? दरअसल इसकी वजह यह भी है कि मानव समाज अपनी एकता और अखंडता को नहीं पहचान पा रहा है। यही कारण है कि लड़ाई-झगड़े होते हैं। आज समय बड़ा कठिन है। मौजूदा वक्त में अपने देश की, अपने समाज की, अपने धर्म की होड़ है। ये हमले इसलिए हो रहे हैं कि हम लोग सोए हैं। हम लोग बटें हैं। हमले बंटे समाज पर ही होते हैं।

### देश के लिए जीने मरने पर उतारू हो तो भारत विश्वगुरु

मोहन भागवत ने कहा कि हमलोग अपने जीवन में भेद और स्वार्थों को तिलांजलि दे दें और देश के लिए जीने मरने पर उतारू हो जाएं तो हमारा समाज अच्छा बनेगा। हमारे सारे भेदभाव और कलह समाप्त हो जायेंगे। भारत देश परम वैभव संपन्न तो बनेगा ही साथ में विश्वगुरु बनकर एक नई सुखी सुन्दर दुनिया को जन्म देगा।

### बिना सद्भावना के समाधान नहीं

आपसी सद्भाव का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि कहीं विवाद को सुलझाना है तो समझौता उसका रास्ता नहीं होता है। तर्क उसका रास्ता नहीं होता है। उसका रास्ता होता है सद्भावना। तभी हल निकलता है। बिना सद्भावना के हल नहीं निकलता है। इसलिए उस सद्भावना को लेकर धीरे धीरे हमको पूरे समाज को तैयार करना है।' हम सब खड़े हो जाएं। धर्म की रक्षा करने के लिए दुनिया के सारे लोगों को अपनी रुचि, प्रकृति, पंरपरा के अनुसार मोक्ष मार्ग मिले इसके लिए एक समतायुक्त समाज बनाने की जरूरत है। एक सुखी दुनिया के लिए हम को भेदरहित, स्वार्थरहित, समतायुक्त और शोषणमुक्त समाज बनके खड़ा होना होगा।

**ई-रिक्शा से भ्रमण, पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पूजा-पाठ:** महोत्सव स्थल पर पहुंचने से पहले भागवत जी ने सोनार किले की गलियों में ई-रिक्शा से भ्रमण किया और पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने दादा गुरुदेव की स्मृति में एक स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी किया। गौरतलब है कि गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरी जी के मार्गदर्शन में हो रहे इस तीन दिवसीय चादर महोत्सव के दौरान शनिवार को दुनिया भर के श्रद्धालु एक साथ दादागुरु इकतीसा पाठ करेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

## युद्ध के बिगड़ते स्वरूप के बीच भारतीयों को वापस लाना चिंता का विषय

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में यह कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। खासतौर पर हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसमें मध्य-पूर्व के देशों में भी स्थिति चिंताजनक हो रही है।इस बीच भारत के लिए एक बड़ी फिक्र यह खड़ी हुई है कि अलग-अलग उद्देश्य से मध्य-पूर्व के देशों में गए जो भारतीय फंस गए हैं, उन्हें वहां से सुरक्षित कैसे निकाला जाए।अमेरिका और इजरायल के साझा हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल को निशाना बनाने के साथ-साथ बहरीन, सऊदी अरब, कतर समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल से हमले किए हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि वहां रहने वाले लोगों के सामने किस तरह की मुश्किलें खड़ी हो रही होंगी। स्वाभावकि ही भारत के सामने बड़ी चिंता उन इलाकों में फंसे भारतीयों को वापस लाने की है।दरअसल, समूचे पश्चिम एशिया का इलाका इस समय युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया लग रहा है। स्वाभाविक ही वहां रह रहे तमाम आम लोगों के सामने खुद को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, जो लोग दूसरे देशों से वहां गए हैं, वे किसी तरह वहां से निकलने की उम्मीद में हैं। ऐसे में भारत सरकार ने युद्ध प्रभावित देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश शुरू की है, लेकिन ठोस नतीजे के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीयों की सहायता के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम उठाएं।सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। भारत ने शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विवादों के समाधान के लिए संवाद तथा कूटनीति का समर्थन किया है, लेकिन फिलहाल ज्यादा जरूरत इस बात की है कि युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए।

## मार्क कार्नी के दौरे से भारत-कनाडा के बीच नई रणनीतिक साझेदारी

भारत और कनाडा के बीच हुए अहम समझौतों को कूटनीतिक एवं आर्थिक संबंधों के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों ने सोमवार को यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों की दीर्घकालिक आपूर्ति समेत कई ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस कदम को द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए संजीवनी की तरह माना जा रहा है, क्योंकि रिश्तों में आए लंबे गतिरोध के बाद सहयोग के रास्ते खुले हैं। ये समझौते इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि दोनों देशों के संबंध अब अस्थिरता के दौर से बाहर निकलकर अधिक परिपक्व और भविष्य की जरूरतों को समझकर साझेदारी को आगे बढ़ाने के चरण में प्रवेश कर चुके हैं।कनाडा से यूरेनियम की आपूर्ति होने से जहां भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए ईंधन की निरंतरता सुनिश्चित होगी, वहीं दोनों देशों में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों के नए प्रवाह से आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। वर्तमान में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार तेरह अरब डालर के आसपास है, जिसे चौगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।गौरतलब है कि भारत और कनाडा के संबंधों में वर्ष 2023 में उस वक्त खटास पैदा हो गई थी, जब तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजंट की संलिप्तता के आरोप लगाए गए थे। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था, लेकिन इस घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। उस समय उपजी तल्खी ने व्यापारिक और कूटनीतिक संवाद को लगभग बाधित कर दिया था।हालांकि, पिछले वर्ष मार्च में मार्क कार्नी के कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों पक्षों ने संबंधों के पुनर्निर्माण और विश्वास बहाली के लिए उपायों की एक निरंतर श्रृंखला शुरू की, जिसका नतीजा अब ऐतिहासिक समझौतों के रूप में सामने आया।

*जो कमजोरों को बलपूर्वक दबाव से बचाए। किंतु यदि यह सिद्धांत तब न बोला जाए जब परीक्षा तत्काल और असुविधाजनक हो, तो वह तर्क खोखला प्रतीत होता है। यदि आज ईरान के संदर्भ में भारत संप्रभुता के प्रश्न पर मुखर नहीं दिखता, तो कल वैश्विक दक्षिण के अन्य देश अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारत पर क्यों विश्वास करेंगे?*

## ईरान संकट पर क्यों चुप है सरकार, क्या हम अपनी विदेश नीति की आत्मा खो रहे हैं?

**(सोनिया गांधी)**

आज ईरान के संदर्भ में भारत संप्रभुता के प्रश्न पर मुखर नहीं दिखता, तो कल वैश्विक दक्षिण के अन्य देश अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारत पर क्यों विश्वास करेंगे?1 मार्च 2026 को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों में हत्या कर दी गई। जारी वार्ताओं के बीच किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गंभीर दरार का संकेत है। किंतु इस घटना की स्तब्धता से परे, जो बात उतनी ही स्पष्ट रूप से सामने आती है, वह है नई दिल्ली की चुप्पी। भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की है और न ही ईरानी संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट आपत्ति दर्ज की है। प्रारंभ में, अमेरिकी-इजरायली हमले की अनदेखी करते हुए, प्रधानमंत्री ने केवल ईरान द्वारा यूएई पर की गई जवाबी कार्रवाई की निंदा तक स्वयं को सीमित रखा, और उससे पहले घटित घटनाक्रम पर मौन साधे रखा। बाद में उन्होंने गहरी चिंता और संवाद एवं कूटनीति की बातें कहीं— जबकि ठीक यही प्रक्रिया उन बड़े और उकसावे रहित हमलों से पहले जारी थी जिन्हें इज़राइल और अमेरिका ने शुरू किया। किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर यदि हमारा देश संप्रभुता या अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में स्पष्ट आवाज़ नहीं उठाता और निष्पक्षता से हटता हुआ दिखता है, तो यह हमारी विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इस संदर्भ में चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता। यह हत्या बिना औपचारिक युद्ध-घोषणा के और एक चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान की गई। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 2(4) किसी भी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल प्रयोग या उसकी धमकी को निषिद्ध करता है। किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या इन सिद्धांतों के मूल पर प्रहार करती है। यदि ऐसे कृत्य विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से सिद्धांतनिष्ठ आपत्ति के बिना गुजर जाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का क्षरण सामान्यीकृत होना आसान हो जाता है। महज 48 घंटे पहले प्रधानमंत्री इजरायल यात्रा से लौटे स्थिति की गंभीरता समय-परिस्थिति से और बढ़ जाती है। हत्या से महज 48 घंटे पहले प्रधानमंत्री इज़रायल यात्रा से लौटे थे, जहाँ उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के प्रति अपना स्पष्ट समर्थन दोहराया-जबकि गाज़ा में भारी नागरिक हताहतों को लेकर वैश्विक स्तर पर आक्रोश जारी है, जिनमें महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक दक्षिण के कई देश, साथ ही ब्रिक्स में भारत के साझेदार रूस और चीन, इज़राइल से दूरी बनाए हुए हैं, भारत का यह उच्च-प्रोफ़ाइल राजनीतिक समर्थन नैतिक स्पष्टता के बिना एक चिंताजनक विचलन प्रतीत होता है। इस घटना के प्रभाव केवल भू-राजनीति तक सीमित नहीं हैं; इसकी प्रतिध्वनियाँ महाद्वीपों में दिखाई दे रही हैं। और भारत की स्थिति इस त्रासदी के प्रति मौन स्वीकृति का संकेत देती प्रतीत होती है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ईरानी भूमि पर बमबारी और हत्याओं की स्पष्ट शब्दों में निंदा की है, और इसे क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर गंभीर परिणामों वाली खतरनाक वृद्धि बताया है। हमने ईरानी जनता तथा विश्वभर के शिया समुदायों के प्रति संवेदना व्यक्त की है, और दोहराया है कि भारत की विदेश नीति विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांत पर आधारित है, जैसा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में परिलक्षित होता है। संप्रभु समानता, अहस्तक्षेप और शांति के संवर्धन जैसे सिद्धांत ऐतिहासिक रूप से भारत की कूटनीतिक पहचान का अभिन्न अंग रहे हैं। वर्तमान संकोच इसलिए केवल सामरिक नहीं, बल्कि हमारे घोषित मूल्यों से असंगत प्रतीत होता है। भारत के लिए यह प्रकरण विशेष रूप से चिंताजनक है। ईरान के साथ हमारे संबंध सभ्यतागत होने के साथ-साथ रणनीतिक भी रहे हैं। 1994 में, जब इस्लामिक सहयोग संगठन के कुछ तत्वों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में कश्मीर को लेकर भारत के विरुद्ध प्रस्ताव लाने का प्रयास किया था, तब तेहरान ने उस प्रयास को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस हस्तक्षेप ने भारत के आर्थिक परिवर्तन के संवेदनशील दौर में कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण को रोका। ईरान ने ज़ाहेदान में, पाकिस्तान सीमा के निकट, भारत की कूटनीतिक उपस्थिति को भी सक्षम बनाया-जो ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के विकास के प्रति एक रणनीतिक संतुलन का कार्य करता है। 'मोदी सरकार को वाजपेयी की यात्रा याद रखनी चाहिए' वर्तमान सरकार को यह स्मरण रखना चाहिए कि अप्रैल 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने तेहरान की आधिकारिक यात्रा के दौरान ईरान के साथ भारत के गहरे, सभ्यतागत और समकालीन संबंधों की गर्मजोशी से पुनः पुष्टि की थी। उन दीर्घकालिक संबंधों की उनकी वह स्वीकृति और सराहना आज की सरकार के लिए मानो अप्रासंगिक प्रतीत होती है। हाल के वर्षों में इजरायल के साथ भारत के संबंध रक्षा, कृषि और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में विस्तृत हुए हैं। किंतु यही तथ्य कि भारत तेहरान और तेल अवीव दोनों से संबंध रखता है, उसे संयम की अपील करने का कूटनीतिक अवसर प्रदान करता है। परंतु ऐसा अवसर विश्वसनीयता पर निर्भर करता है। और विश्वसनीयता सिद्धांत-आधारित आचरण से आती है, न कि तात्कालिक सुविधा से। यह केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी क्षेत्र में निवास और कार्य करते हैं। अतीत के संकटों, जैसे गल्फ युद्ध से लेकर यमन, इराक और सीरिया तक में अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भारत की क्षमता उसकी स्वतंत्र पहचान पर आधारित रही है, न कि किसी शक्ति-गुट के प्रतिनिधि के रूप में। यह विश्वसनीयता संयोग से निर्मित नहीं हुई थी। स्वतंत्रता के बाद भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित थी - निष्क्रिय तटस्थता के रूप में नहीं, बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता के सचेत आग्रह के रूप में। यह महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा में समाहित होने से इनकार था। वर्तमान क्षण यह प्रश्न उठाता है कि क्या वह रुख कमजोर पड़ रहा है। शक्तिशाली देशों द्वारा एकतरफा सैन्य कार्रवाई पर अनालोचनात्मक मौन उस सिद्धांत से पीछे हटने जैसा प्रतीत होता है - और प्रभावतः हमारी विरासत से विमुखता का संकेत देता है। यह केवल इतिहास का प्रश्न नहीं, बल्कि भारत की वर्तमान आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ है। जो देश स्वयं को वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है, उसके लिए मौन स्वीकृति की छवि नुकसानदायक होगी। यदि संप्रभुता की अवहेलना बिना परिणाम के संभव है, तो छोटे राष्ट्र शक्तिशाली देशों की इच्छाओं के प्रति असुरक्षित हो जाते हैं। भारत बार-बार नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वकालत करता रहा है।

## आबकारी नीति मामले में आप नेताओं का बरी होना बड़ी संजीवनी

**(ललित गर्ग)**

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अर्थात सीबीआई द्वारा पंजीकृत किया गया था और लंबे समय से सार्वजनिक बहस के केंद्र में था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत आरोप ठोस साक्ष्यों और विश्वसनीय गवाहियों पर आधारित नहीं हैं तथा आरोपपत्र में वर्णित दावे न्यायिक परीक्षण की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। न्यायालय की यह टिप्पणी कि अनुमानों और अटकलों को विधिसम्मत प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, न केवल इस विशेष प्रकरण बल्कि समग्र अन्वेषण प्रक्रिया के लिए भी गंभीर संकेत देती है। आबकारी नीति मामले यह फैसला आप के लिए एक बड़ी संजीवनी या 'प्राणवायु'के समान है। यह फैसला आप को 'कट्टर ईमानदार' की छवि वापस पाने और आगामी चुनावों के लिए एक आक्रामक रुख अपनाने में मदद करेगा, जिससे विपक्षी दलों का मनोबल भी बढ़ा है। कोर्ट से मिली क्लीन चिट ने आप नेताओं की साख बहाल की है जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह निर्णय 'राजनीतिक प्रतिशोध' के नैरेटिव को बल देता है जिससे आप अपनी छवि को बेदाग साबित कर पा रही है। विपक्षी दल इस घटना को केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई एवं ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ एक जीत के रूप में देख रहे हैं जिससे उन्हें केंद्र के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस फैसले से दिल्ली और पंजाब में आप को मजबूती मिलेगी और वह आगामी चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार कर सकती है। विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। किंतु नीति के क्रियान्वयन के बाद उस पर अनियमितताओं तथा कथित पक्षपात के आरोप लगाए गए। यही आरोप आगे चलकर आपराधिक प्रकरण का आधार बने। जुलाई 2022 से यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन गया और चुनावी सभाओं में इसे व्यापक रूप से उठाया गया। अब जबकि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों को अपर्याप्त पाया है, तो स्वाभाविक है कि इसका राजनीतिक प्रभाव भी पड़ेगा। हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस निर्णय को दिल्ली उच्च न्यायालय, में चुनौती देने की घोषणा की है। अतः अंतिम विधिक स्थिति अभी स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, अर्थात ईडी ने यह कहा है कि उससे संबंधित धनशोधन प्रकरण की जांच स्वतंत्र आधारों पर चल रही है। यदि उच्च न्यायालय भी निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठेगा कि समान घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न अन्वेषणों की विधिक संगति किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6023

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 6024

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 | | |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | 12 |
| ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले प्रथम भारतीय गेंदबाज (5)
5. संगीत में स्वर का विस्तार, समुद्र की तरंग, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
6. अनुमान, अंदाज, अटकल (3)
7. लक्ष्मी के पति होने के कारण पुराणानुसार भगवान विष्णु का एक नाम (5)
9. नीरोग, चंगा, तंदुरूस्त (3)
11. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके (2)
13. अवसर की प्रतीक्षा में रहना, ध्यानपूर्वक देखना (3)
14. छेद करना, आहत करना (3)
16. पुराणानुसार महर्षि विश्वामित्र के पिता ओर कुशिक राजा के पुत्र (2)
17. जलता हुआ, प्रदीप्त, प्रकाशमान, पुरानी फिल्मों के दिवंगत संगीतकार (3)
18. य नामक वर्ण (3)
20. पंख, डैना, किंतु, परंतु (2)
22. हाथ जोड़कर (4)
23. बेटी की बेटी यह कहलाती है (3)

**ऊपर से नीचे**
1. सावधान करने के लिए कही जाने वाली बात, खतरे की पूर्व सूचना (4)
2. देह, काया, शरीर, बदन (2)
3. खुशबु, महक, सुगंध (3)
4. चंद्रवंश के पांचवे राजा जिनका विवाह दैत्यगुरू शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी से हुआ था (3)
6. धोखा देने का भेष (5)
7. धतुरा स्वर्ण (3)
8. इंद्र धनुष के रंगों में से एक (2)
10. वोट देने की पात्रता (3)
12. अवाक, चुप, खामोश, चुप्पी (2)
15. धन-देव, धनवान व्यक्ति, मालदार (4)
16. गीत गाने या प्रस्तुत करने वाला (3)
17. उर्दू भाषा में व्रत को यह कहा जाता है (2)
19. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी) (2)
21. क्रिकेट में खिलाड़ियों का मापदंड (2)

### वर्ग पहेली 6023 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | त्य | ना | रा | य | ण | सि | न्हा |
| त्य | ■ | ग | ज | र | ■ | वा | ■ |
| ना | लं | दा | ■ | थ | न | ■ | वि |
| रा | ब | ■ | मु | रा | द | ■ | ज |
| य | ■ | रा | ■ | ना | र | की | य |
| ण | ■ | ज | ज | ■ | ■ | र्ति | ■ |
| ■ | ■ | गु | ल | जा | र | ■ | ह |
| आ | ब | रू | ■ | वा | म | ह | स्ती |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके चारों ओर जुनून और प्यार का माहौल है। आप अपने साथी के प्रति समर्पित हैं और शुक्र ग्रह से प्राप्त ऊर्जा को सही दिशा में लगा रहे हैं। मौजूदा मुश्किल समय के कारण आप यात्रा कुछ समय के लिए टाल सकते हैं। आज भाग्य आपके साथ है। आज दिन सौभाग्य लेकर आएगा। खासकर आर्थिक मामलों में। पेशा- आपको पदोन्नति मिलने की संभावना है।

### वृष
आज अविवाहित लोग किसी के साथ थोड़े समय के लिए ही संबंध बनाने के मूड में हैं। विवाहित जोड़े दिन में बाद में कुछ पुराने मुद्दों पर बहस कर सकते हैं। यात्रा करना और विभिन्न लोगों और संस्कृतियों को जानना बेहद मजेदार है, लेकिन सामाजिक दूरी बनाए रखें। आज कुछ योजना के अनुसार न हो तो घबराएं नहीं। कभी-कभी आप अपनी वास्तविक क्षमताओं को भूल जाते हैं।

### मिथुन
आज आपका प्रेम जीवन शानदार चल रहा है, और आप आसानी से अन्य लोगों के साथ गहरे और भावुक संबंध बना लेते हैं। आज अविवाहित लोगों को ज्यादा सामाजिक होने का मन नहीं करेगा। यात्रा करना- यात्रा करते समय, हमेशा अपने साथ आपातकालीन निधि का एक सुरक्षित भंडार अवश्य रखें।

### तुला
आज अविवाहित लोगों को मजबूत और स्वतंत्र धनु राशि के साथी का साथ पसंद आता है। यह ऐसा व्यक्ति होगा जिसके बारे में आपने हाल तक कभी रोमांटिक रुचि के रूप में नहीं सोचा होगा। यात्रा करना- यदि आपकी उड़ान लंबी है, तो सुनिश्चित करें कि आप अपने साथ ईयर प्लग और मास्क लेकर जाएं।आज वाहन या घर में निवेश न करें।

### वृश्चिक
आज आपको थोड़ा सा शक है कि आपका पार्टनर आपको धोखा दे रहा है। आपको अपने रिश्ते का ख्याल रखना चाहिए। अभी सारी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं, आप इसे ठीक कर सकते हैं। आज सिंगल लोग अपने क्रश के बारे में बहुत सोच रहे हैं। तो सुनिश्चित करें कि आप इस बारे में कुछ शोध कर लें कि आपको अपनी सभी आवश्यक वस्तुएँ एक ही स्थान पर कहाँ मिलेंगी।

### धनु
आज अविवाहितों को आकर्षक लेकिन चालाक कन्या राशि वालों का सामना करना पड़ सकता है। यदि आप किसी रिश्ते में हैं, तो आज घर के अंदर डेट के लिए बढ़िया दिन है। खुलकर मजे करें और जीवन का भरपूर आनंद लें। कई दिनों से आप किसी दूर के गंतव्य का सपना देख रहे हैं। इसे साकार करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। इसे अपनी प्रेरणा बनाएं।

### कर्क
किसी भी रिश्ते में संवाद और ईमानदारी बहुत ज़रूरी हैं। समस्या को छुपाना बंद करें और अपने पार्टनर से खुलकर बात करें। आज सिंगल लोगों को फ्लर्ट करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। यात्रा के दौरान आपको उल्टी या मतली हो सकती है, आज आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। स्वभाव से आप बेहद मेहनती और रणनीतिक हैं।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए काफी सामान्य रहेगा। हालांकि, शादीशुदा जोड़ों के लिए आज का दिन रोमांचक रहेगा। सिंगल लोगों को आज किसी पर क्रश हो सकता है। आज आपके मन में सिर्फ छुट्टी मनाने का ही ख्याल है। यात्रा करना- अगर आप आज यात्रा कर रहे हैं, तो अपना पहचान पत्र साथ ले जाना न भूलें। स्वभाव से आप बेहद मेहनती और रणनीतिक हैं।

### कन्या
आज यातायात में सावधानी बरतें। कार्यदिवस के अंत में कुछ आय की उम्मीद रखें। आप शायद सोच रहे होंगे कि आपको काम में बदलाव की सख्त जरूरत है। देखें कि आपके लिए अन्य कौन-कौन से नौकरी के विकल्प उपलब्ध हैं। आज आपकी कमजोरी आपकी पीठ है।

### मकर
आज आप इस समय असमंजस में हैं। क्या यह सचमुच सच्चा प्यार है या आप सिर्फ ज़रूरत और प्यार महसूस करना चाहते हैं? कुछ भी करने से पहले इस बारे में सोचें। जो लोग किसी रिश्ते में हैं, उनका अपने पार्टनर से हल्का-फुल्का झगड़ा हो सकता है। यात्रा करना- अगर आप आज यात्रा कर रहे हैं, तो अपना पहचान पत्र साथ ले जाना न भूलें। आज किसी भी चीज में निवेश करने का सबसे अच्छा दिन नहीं है।

### कुंभ
आज आपको खुद से ईमानदार रहना होगा। अगर आप अपने पार्टनर से झूठ बोल रहे हैं या उसे गुमराह कर रहे हैं, तो अब इसे स्वीकार करने का समय आ गया है। ` सहकर्मी से थोड़ी बहुत बातचीत करेंगे। आज आपके लिए गुलाबी रंग शुभ है। हालांकि, आपके पास जो पैसा नहीं है उससे जुआ खेलना अच्छा निर्णय नहीं है। आर्थिक रूप से आज आपको कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा, लेकिन जल्द ही बहुत सारा पैसा कमाने का अवसर आने वाला है।

### मीन
आज आपकी प्रेम कहानी बिल्कुल ठीक चल रही है। विवाहित जोड़े संतुष्ट और प्यार से भरे हुए हैं। अगर आप अविवाहित हैं, तो लोगों से मिलने-जुलने और फ्लर्ट करने में आपको खूब मजा आ रहा है। यात्रा करना- आज अधिक उत्पादक बनने का प्रयास करें। अपने आप को एक छोटी यात्रा का इनाम दें और आत्मचिंतन करें। आज आपको आर्थिक रूप से काफी लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# टी-20 वर्ल्डकप का फाइनल आज

## ● अहमदाबाद की पिच भी सेमीफाइनल की तरह बैटिंग फ्रेंडली होगी

### स्पिन कम, पेस और बाउंस ज्यादा, फाइनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ अंपायरिंग करेंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आज भारत दूसरी बार अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल खेलेगी। टीम 2023 में यहां वनडे वर्ल्ड कप फाइनल हार चुकी है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल बैटिंग फ्रेंडली पिच पर होगा। ईएसपीएन के मुताबिक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फ्रेश पिच का ही इस्तेमाल होगा, जहां टूर्नामेंट के शुरुआत में एक मैच खेला गया था। काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर पिच बनाई गई है। यहां गेंद बहुत कम स्पिन होगी, लेकिन पेस और बाउंस जरूर मिलेगा। हालांकि, इससे बैटर्स को ही फायदा होना है। खिताबी मुकाबला 8 मार्च को शाम 7 बजे से खेला जाएगा। आईसीसी ने बताया कि इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ अंपायरिंग करेंगे।

**दूसरे सेमीफाइनल में भी अहमदाबाद जैसी पिच थी–** वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता में हुआ। पिच बैटिंग फ्रेंडली जरूर थी, लेकिन पहली पारी में बॉलर्स को भी मदद मिली। साउथ अफ्रीका 169 रन ही बना सका, न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। यहां की पिच दोनों ही पारियों में बैटिंग के लिए बहुत आसान रही। जहां टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 253 रन बना दिए। इंग्लैंड ने भी हार नहीं मानी और भारत के करीब पहुंचते हुए 246 रन बना दिए। 40 ओवर के मैच में 499 रन बने। अब फाइनल में भी ऐसी ही पिच मिलने वाली है।





### काली और लाल मिट्टी को मिक्स किया

अहमदाबाद में काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर फाइनल के लिए पिच बनाई गई। वानखेड़े स्टेडियम में भी सेमीफाइनल के दौरान इसी तरह की पिच थी। अब फाइनल में भी स्पिनर्स के लिए मदद कम रहेगी, पेसर्स को अच्छा बाउंस मिलेगा, लेकिन इससे बैटिंग बहुत ज्यादा आसान हो जाएगी। पहली पारी में 200 से ज्यादा रन बनाए तभी जीत के चांस हैं।

### फाइनल की पिच पर एक ही मैच हुआ

फाइनल की पिच लगभग फ्रेश ही रहेगी, क्योंकि यहां टूर्नामेंट का इकलौता मैच करीब एक महीने पहले 9 फरवरी को हुआ था। यहां पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 4 ही विकेट खोकर 213 रन बना दिए थे। जवाब में कनाडा 156 रन ही बना सका। अहमदाबाद में कनाडा-अफ्रीका मैच के बाद भी 5 मुकाबले खेले गए, लेकिन किसी में भी फाइनल वाली पिच का इस्तेमाल नहीं हुआ। हालांकि, उन पिचों पर कभी 200 रन भी बने। 184 पहली पारी में औसत स्कोर रहा। 2 बार पहले बैटिंग और 2 ही पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। जबकि एक नतीजा सुपर ओवर में आया। टीम इंडिया अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक मैच हार चुकी है।

### भारत 2 मैच खेल चुका

टूर्नामेंट में अहमदाबाद के मैदान पर भारत ने 2 मैच खेले हैं। ग्रुप स्टेज में नीदरलैंड के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 193 रन बनाए थे। हालांकि, डच टीम भी फाइट दिखाते हुए 176 तक पहुंच गई थी। सुपर-8 स्टेज में भारत का सामना फिर साउथ अफ्रीका से हुआ। पहले बैटिंग करते हुए प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। जवाब में टीम इंडिया 111 रन ही बना सकी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड यहां दूसरा मैच ही खेलेगा, इन्हें भी साउथ अफ्रीका से ही हार मिली।

### टीम इंडिया की प्रैक्टिस

टीम इंडिया आज ही अहमदाबाद में अपनी प्रैक्टिस करेगी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम बुधवार को सेमीफाइनल जीतने के बाद गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंची। टीम ने उसी दिन प्रैक्टिस भी की। भारत और न्यूजीलैंड लगातार दूसरे आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने हैं। पिछले साल ही 9 मार्च को भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था।

### रिचर्ड इलिंगवर्थ अंपायरिंग करेंगे

आईसीसी ने फाइनल मुकाबले के लिए ऑफिशियल्स भी बता दिए हैं। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन फील्ड अंपायर होंगे। दोनों पहले सेमीफाइनल में भी अंपायर थे। इलिंगवर्थ 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी क्रिस गैफनी के साथ अंपायरिंग कर रहे थे। वे पिछले वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भी अंपायर थे। साउथ अफ्रीका के अल्लाहुद्दीन पालेकर थर्ड अंपायर

## फाइनल से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा भारत पर घरेलू दबाव रहेगा



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने बड़ा बयान दिया है। सैंटनर का मानना है कि मेजबान होने के कारण भारत पर खिताब जीतने का भारी दबाव होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह खिताबी मुकाबला रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**'भारत पर होगा घरेलू दर्शकों का दबाव'** – फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिचेल सैंटनर ने कहा कि भारतीय टीम को घरेलू मैदान पर खेलते हुए बड़ी उम्मीदों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य भीड़ को शांत करना है, लेकिन क्रिकेट में कई तरह की चुनौतियां होती हैं। मुझे लगता है कि भारत पर घर में जीतने का काफी दबाव होगा।

**फाइनल को लेकर उत्साहित है न्यूजीलैंड टीम** – सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम इस बड़े मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित है और खिलाड़ी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैं इस मैच को लेकर काफी उत्साहित हूं। हमने पहले भी भारत के खिलाफ खेला है, इसलिए कोई खास राज नहीं है। खिलाड़ी फाइनल के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं। यह एक मैच का मुकाबला है और जो बेहतर खेलेगा वही जीतेगा।

**अहमदाबाद में हाई-स्कोरिंग मैच की उम्मीद** –न्यूजीलैंड कप्तान ने कहा कि उन्होंने अभी तक पिच नहीं देखी है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह मुकाबला हाई-स्कोरिंग हो सकता है। सैंटनर ने कहा कि इस मैदान पर बल्लेबाजों को मदद मिल सकती है और दोनों टीमों के बीच बड़ा स्कोर देखने को मिल सकता है।

**न्यूजीलैंड ने पूरे टूर्नामेंट में दिखाई निरंतरता** – सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय सीरीज से टीम ने काफी कुछ सीखा है, लेकिन वर्ल्ड कप का फाइनल पूरी तरह अलग दबाव वाला मुकाबला होता है।

**जरूरत पड़ी तो तोड़ देंगे भारतीय फैंस का दिल** – न्यूजीलैंड कप्तान ने साफ कहा कि अगर मौका मिला तो उनकी टीम भारत को हराकर ट्रॉफी जीतने से पीछे नहीं हटेगी। हमें ट्रॉफी जीतने में कोई परेशानी नहीं होगी। अगर ऐसा होता है तो हमें कुछ दिल तोड़ने में भी कोई दिक्कत नहीं होगी।सैंटनर ने कहा कि भारत की बल्लेबाजी शुरुआत से ही आक्रामक रहती है और उसे रोकने का सबसे अच्छा तरीका शुरुआती विकेट लेना है।

### जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ

सैंटनर ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मौजूदा टूर्नामेंट में बुमराह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। बुमराह जिस तरह से गेंदबाजी कर रहे हैं, वह किसी भी चर्चा में शामिल होंगे। उनके पास शानदार यॉर्कर और मुश्किल बाउंसर हैं। बुमराह ने इस टूर्नामेंट में अब तक 10 विकेट लिए हैं और उनका औसत करीब 15 का रहा है।

## खतरे में ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत, फाइनल में उतरते ही टीम इंडिया रचेगी इतिहास



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताबी मुकाबला रविवार 8 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में दोनों टीमें ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। इस मुकाबले में मैदान पर उतरते ही टीम इंडिया एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकती है और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल खेलने के मामले में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ सकती है।

### ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत पर खतरा

दरअसल, अब तक भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने आईसीसी टूर्नामेंट (वनडे वर्ल्ड कप, टी20 वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) में 14-14 फाइनल खेले हैं। ऐसे में अगर टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल खेलने उतरती है तो वह 15वां आईसीसी फाइनल खेलने वाली टीम बन जाएगी और इस मामले में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ देगी।

### आईसीसी फाइनल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली टीमें

ऑस्ट्रेलिया- 14 मैच, 10 जीत
भारत- 14 मैच, 7 जीत
वेस्टइंडीज- 8 मैच, 5 जीत
इंग्लैंड- 9 मैच, 3 जीत
श्रीलंका- 7 मैच, 3 जीत
न्यूजीलैंड- 7 मैच, 2 जीत
पाकिस्तान- 6 मैच, 3 जीत
दक्षिण अफ्रीका- 3 मैच, 2 जीत

### आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की जीत

वनडे विश्व कप 1983- वेस्टइंडीज को हराया
चैंपियंस ट्रॉफी 2002- भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता
टी20 विश्व कप 2007- पाकिस्तान को हराया
वनडे विश्व कप 2011- श्रीलंका को मात
चैंपियंस ट्रॉफी 2013-इंग्लैंड को हराया
टी20 विश्व कप 2024- दक्षिण अफ्रीका को हराया
चैंपियंस ट्रॉफी 2025- न्यूजीलैंड को हराया
आईसीसी फाइनल में भारत को मिली हार
चैंपियंस ट्रॉफी 2000-न्यूजीलैंड से हार
वनडे विश्व कप 2003- ऑस्ट्रेलिया से हार
टी20 विश्व कप 2014- श्रीलंका से हार
चैंपियंस ट्रॉफी 2017- पाकिस्तान से हार
वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021- न्यूजीलैंड से हार
वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023- ऑस्ट्रेलिया से हार
वनडे विश्व कप 2023- ऑस्ट्रेलिया से हार

## मुंबई में संपन्न हुआ 'बिजनेस टुडे' गोल्फ टूर्नामेंट

### 26वें सीजन के फिनाले में जुटे देश के बड़े बिजनेस लीडर्स



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के प्रतिष्ठित कॉरपोरेट गोल्फ प्लेटफॉर्म बिजनिस टुडे गोल्फ का 26वां सीजन शानदार अंदाज में मुंबई में 6 मार्च 2026 को संपन्न हुआ। इस भव्य फिनाले में कई चैंपियन, बिजनेस लीडर्स और खास मेहमान शामिल हुए। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार प्रवीण सिंह परदेशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर खेल भावना, नेतृत्व और कॉरपोरेट जगत की भागीदारी का जश्न मनाया गया।

**25 साल से अधिक समय से कॉरपोरेट गोल्फ का बड़ा मंच** – पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से बिजनिस टुडे गोल्फ देश का सबसे प्रतिष्ठित कॉरपोरेट गोल्फ टूर्नामेंट बना हुआ है। यह मंच कॉरपोरेट जगत के बड़े निर्णय लेने वाले नेताओं को गोल्फ के मैदान पर एक साथ लाता है, जहां वे प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ नेटवर्किंग और विचारों का आदान-प्रदान भी करते हैं।

**हैदराबाद से शुरू हुआ था 2025-26 सीजन** – एयू स्माल फाइनेंस बैंक द्वारा प्रस्तुत बिजनिस टुडे गोल्फ 2025-26 सीजन की शुरुआत 29 नवंबर 2025 को हैदराबाद में हुई थी। इस लॉन्च इवेंट में क्रिकेट के दिग्गज मोहम्मद अजहरुद्दीन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

### कई शहरों में जुटे कॉरपोरेट लीडर्स

चार महीनों तक चले इस सीजन में चंडीगढ़, बेंगलुरु, कोच्चि, चेन्नई और गुरुग्राम जैसे शहरों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसके बाद मुंबई में फाइनल मुकाबला हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों को भारत के कई प्रतिष्ठित गोल्फ कोर्स पर खेलने और पेशेवर रिश्तों को मजबूत करने का अवसर मिला।

### खेल और नेतृत्व का अनोखा संगम

अपने 26वें वर्ष में पहुंच चुका बिजनिस टुडे गोल्फ केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक ऐसी परंपरा बन चुका है जहां उद्योग जगत के नेता, उद्यमी और नवाचारकर्ता एक साथ मिलकर प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

## पॉप स्टार रिकी मार्टिन क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे

● 2 ग्रैमी अवॉर्ड जीते,
अहमदाबाद में फाइनल से पहले टीम इंडिया ने होटल बदला



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंटरनेशनल पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन, पंजाबी पॉप सिंगर सुखवीर और फाल्गुनी पाठक टी-20 वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे। यह परफॉर्मेंस भारत और न्यूजीलैंड के बीच 8 मार्च को फाइनल से पहले होगी। फाइनल मैच अहमदाबाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। आईसीसी ने एक सोशल पोस्ट में बताया कि मार्टिन की लाइव परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होगी। आईसीसी ने एक्स पोस्ट में लिखा- 'हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि ग्लोबल आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले होने वाली क्लोजिंग सेरेमनी के हेडलाइन परफॉर्मर होंगे। यह एक ऐसा शानदार जश्न होगा, जिसे आप बिल्कुल मिस नहीं करना चाहेंगे।

**जनरल हॉस्पिटल में काम कर चुके हैं मार्टिन-** रिकी मार्टिन 'लिविन' ला विडा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। सिंगिंग के साथ-साथ रिकी मार्टिन टीवी और लाइव स्टेज शो भी करते हैं। उन्होंने 1994-95 में टीवी शो 'जनरल हॉस्पिटल' में काम किया था।

## प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा , 4 खिलाड़ी जिनका प्रदर्शन दमदार रहा

### आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों में नहीं दी जगह



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा कर दी है। इसमें इंग्लैंड के विल जैक्स, भारत के संजू सैमसन, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान, अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक के साथ साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम और लुंगी एनगिडी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और टिम सिफर्ट भी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने की रेस में हैं। हालांकि आईसीसी ने कई ऐसे खिलाड़ियों को इग्नोर किया है, जिनका प्रदर्शन भी काफी दमदार रहा है।

**हार्दिक पंड्या- 8 विकेट और 199 रन-** 8 मैचों में हार्दिक पंड्या ने भारत के लिए 8 विकेट लिए हैं। सेमीफाइनल में उन्होंने भी कमाल की बॉलिंग की थी। बल्लेबाजी में हार्दिक के बल्ले से दो अर्धशतक की मदद से 199 रन निकले हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में आने के लिए हार्दिक और क्या कर दें।

**फिन एलन- 289 रन-** टिम सिफर्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में हैं लेकिन फिन एलन नहीं हैं। 7 पारियों में एलेन ने 289 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 203 का है। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 20 छक्के मारने वाले बल्लेबाज भी हैं।

● ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप

तीसरी बार टॉप-4 में एंट्री

## लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे

● नंबर-1 के बाद नंबर-6 रैंक प्लेयर को हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल दिखाते हुए ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। उन्होंने चीन के पूर्व चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-6 ली शिफेंग को सीधे गेम में हराया। लक्ष्य ने तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंट्री की है। उन्होंने पहले राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यूकी को हराया था। टूर्नामेंट की इनामी राशि 14,50,000 अमेरिकी डॉलर है।

**ली शिफेंग को 21-12, 21-16 से हराया-** दुनिया के नंबर-12 खिलाड़ी और 2022 के रनर-अप लक्ष्य ने दुनिया के नंबर-6 प्लेयर ली शिफेंग को एक घंटे चले मुकाबले में 21-12, 21-16 से हराया। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई से होगा। विक्टर ने अन्य क्वार्टरफाइनल में जापान के कोकी वतानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से मात दी। मुकाबला शनिवार शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।



**लंबी रैली के बावजूद अच्छा खेल जारी रखा-** मैच के बाद लक्ष्य ने कहा, मैं दोनों गेम में अपने खेल से खुश हूं। शिफेंग ने भी अच्छा खेला। लंबी रैलियां हुईं और हम दोनों थक रहे थे, लेकिन मैंने लंबी रैलियों के बाद भी अच्छा खेल जारी रखा। उन्होंने कहा, कोच ने कहा था कि लंबी रैलियों के बाद ज्यादा तैयार रहो, क्योंकि वह भी थक रहा है, इसलिए आसान गलती मत करो।

### शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में दिक्कत हुई

मैच में लक्ष्य ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और आक्रामक खेल से इसे 10-4 तक पहुंचाया। ब्रेक तक वे 11-6 से आगे थे। हालांकि, उन्हें शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में थोड़ी दिक्कत हुई, फिर भी उन्होंने 15-11 की बढ़त बना ली। शिफेंग ने लंबी रैली जीतकर स्कोर 13-15 किया, लेकिन लक्ष्य ने नेट कॉर्ड की मदद से बढ़त 18-13 कर दी और पहला गेम 24 मिनट में अपने नाम किया।

## न्यूज बाइट्स

### नाबालिग को भगाने के मामले में अभियुक्त को पांच साल की कारावास

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद स्थित स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने ओबरा थाना कांड संख्या 304/23 और पोक्सो जीआर संख्या 133/23 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि मामले के प्राथमिक अभियुक्त रंजन कुमार, निवासी मायापुर, ओबरा को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत पांच वर्ष की सश्रम कारावास की सजा तथा 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। वहीं पोक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत दो वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियुक्त को 6 मार्च 2026 को दोषी करार देते हुए उसका बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक द्वारा 17 जुलाई 2023 को ओबरा थाना में मामला दर्ज कराया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर भवन में जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं व छात्राओं को किया गया सम्मानित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद






अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय स्थित अनुग्रह नारायण नगर भवन में कला संस्कृति विभाग, बिहार सरकार एवं महिला एवं बाल विकास निगम के सौजन्य से जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा बैलून को आकाश में उड़ाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ हुई। समारोह का शुभारंभ बिहार गीत के गायन से किया गया। इसके बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों और पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि उन संघर्षों, उपलब्धियों और सपनों को सम्मान देने का दिन है, जिन्हें महिलाओं ने अपने साहस और परिश्रम से साकार किया है। उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए गर्व की बात है कि औरंगाबाद का नेतृत्व एक महिला जिलाधिकारी कर रही हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज को नई दिशा दे रही हैं। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिलाएं अनेक चुनौतियों को पार करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने देश की पहली महिला आईएएस अधिकारी अन्ना राजम मल्होत्रा के संघर्ष और योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रयासों ने महिलाओं के लिए कई नए अवसरों के द्वार खोले। उन्होंने हाल ही में सिविल सेवा परीक्षा में औरंगाबाद की बेटियों की सफलता का भी जिक्र किया और कहा कि पंचायतों में महिलाओं को दिए गए आरक्षण के कारण आज महिलाएं मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषद जैसे पदों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं की यात्रा लंबी रही है और उन्हें अपने अधिकारों और सम्मान के लिए निरंतर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और विकास में उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के उदाहरण के रूप में जीविका दीदियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज जीविका दीदियां पूरे देश में महिलाओं के सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में कई पहल की जाएंगी। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में औरंगाबाद की बेटियों की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने समाज में ऐसी सोच विकसित करने पर बल दिया कि "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे अभियान की आवश्यकता ही न पड़े और बेटी तथा बेटे के जन्म पर समान रूप से खुशियां मनाई जाएं तथा दोनों को समान अवसर और शिक्षा दी जाए। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिकाओं, जीविका दीदियों, जिला एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं, नन्हीं बच्चियों और जिला स्तरीय महिला कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सिविल सर्जन, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, बेबी प्रिया, रितेश यादव, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों और महिलाओं की सहभागिता रही।

## नशे में हंगामा कर रहे एसआई धर्मेंद्र कुमार गिरफ्तार




निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा प्रखंड क्षेत्र में शराब के नशे में हंगामा करने और लोगों को पिस्टल दिखाकर धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लाइसेंसी पिस्टल भी जब्त कर ली गई है। जानकारी के अनुसार सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार शराब के नशे में धुत होकर ओबरा क्षेत्र में हंगामा कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह अपनी लाइसेंसी पिस्टल लहराते हुए आसपास के लोगों को डराने-धमकाने लगा, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। शिकायत मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी एसआई को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि कुछ महीने पहले भी आरोपी एसआई के खिलाफ शिकायत मिली थी। उस समय उसे ओबरा थाना से हटाकर लाइन क्लोज कर दिया गया था। वह ओबरा में ही किराए के मकान में रहकर लाइन में ड्यूटी कर रहा था। एसडीपीओ ने बताया कि शराब के नशे में हंगामा करने और पिस्टल दिखाकर महिलाओं को डराने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

## एनटीपीसी में मनाया गया 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



एनटीपीसी नवीनगर परियोजना परिसर में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम "सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना" रखी गई थी। इस अवसर पर परियोजना के सुरक्षा विभाग की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों, श्रमिकों तथा परियोजना से जुड़े सभी लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा ने सभी कर्मचारियों और श्रमिकों से कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने तथा व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक संस्कार है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक कार्य व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओ एंड एम) अनिल कुमार टी.सी., महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा सहित अन्य विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक रहने और सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज के प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में एसएससी-बीपीएससी की तैयारी जारी




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में एसएससी और बीपीएससी की तैयारी के लिए नव प्रवेशी ग्रीष्मकालीन छात्रों की कक्षाएं 21 फरवरी 2026 से सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं। केंद्र के निदेशक मोहम्मद मसउद आलम ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बिहार सरकार के बिहार राज्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा यह प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण केंद्र में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को बीपीएससी, एसएससी, रेलवे सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। निदेशक ने बताया कि वर्तमान सत्र में अभी कुछ सीटें रिक्त हैं। ऐसे इच्छुक छात्र-छात्राएं जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, वे नामांकन से संबंधित जानकारी के लिए संस्थान के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## डीएम ने देव चैती छठ मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



चैती छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला पदाधिकारी औरंगाबाद अभिलाषा शर्मा ने देव प्रखंड स्थित चैती छठ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने देव सूर्यकुंड और रूद्र कुंड स्थित छठ घाटों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। इसके साथ ही मेला क्षेत्र के विभिन्न आवासन स्थलों, श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थल, ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग तथा मेला क्षेत्र के मुख्य और संपर्क मार्गों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चैती छठ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने आवासन स्थलों की क्षमता का आकलन कर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

साथ ही मेला क्षेत्र और आवासन स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने, मेडिकल टीम की तैनाती करने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग और सूचना-प्रसारण व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का भी निर्देश दिया, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## शहर के कृष्णपुरी शाहपुर में शुरू हुआ इलेक्ट्रिक स्कूटी का नया शोरूम




निज संवाददाता | फेसर(औरंगाबाद)

शहर के कृष्णपुरी शाहपुर में शुक्रवार को श्री गणपति इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का शुभारंभ किया गया। शोरूम का उद्घाटन फेसर क्षेत्र के लोजपा नेता सोनू सिंह सोलंकी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सोनू सिंह सोलंकी ने कहा कि बदलते समय के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। श्री गणपति इंटरप्राइजेज के माध्यम से क्षेत्र में इलेक्ट्रिक स्कूटी का शोरूम खोला गया है, जहां स्कूटी की बिक्री के साथ-साथ सर्विस सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवा मिल सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान अमरेंद्र कुमार सिंह, मुन्ना कुमार रंजन, श्रीकांत कुमार, पिंकू कुमार, ललन सिंह यादव, चंदन कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे और शोरूम के उद्घाटन पर शुभकामनाएं दीं।

## खुदवा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दूसरे दिन दो नामांकन, चार प्रत्याशी मैदान में



निज सं. | ओबरा (औरंगाबाद)

ओबरा प्रखंड के खुदवा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के अंतिम दिन शनिवार को दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही अध्यक्ष पद के लिए कुल चार उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं। शनिवार को धीरज कुमार और प्रियंका देवी अपने समर्थकों और गाजे-बाजे के साथ प्रखंड परिसर पहुंचे और बीडीओ कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं सदस्य पद के लिए भी कई प्रत्याशियों ने पर्चे भरे।

निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ मोहम्मद यूनिस सलीम ने धीरज कुमार और प्रियंका देवी के नामांकन पत्र स्वीकार किए और उनके दस्तावेजों की विधिवत जांच की। नामांकन दाखिल करने के बाद दोनों प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ प्रखंड परिसर स्थित शिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान समर्थकों ने माला पहनाकर अपनी जीत का दावा भी किया। खुदवा पैक्स चुनाव को लेकर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। बीडीओ मोहम्मद यूनिस सलीम ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अब तक कुल चार नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। अंतिम दिन प्रियंका देवी और धीरज कुमार ने नामांकन किया, जबकि इससे पहले बिजेंद्र कुमार शर्मा और प्रिंस कुमार ने पर्चा दाखिल किया था।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बटुरा के विद्यार्थियों का राजगीर-नालंदा शैक्षणिक परिभ्रमण

- विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया।

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)




जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बटुरा के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए राजगीर और नालंदा के ऐतिहासिक भ्रमण पर रवाना हुए। मुख्यमंत्री बिहार शैक्षणिक भ्रमण योजना के तहत आयोजित इस यात्रा को विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर उत्साहपूर्वक रवाना किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहरों से परिचित कराना है, ताकि उनका ज्ञान कक्षा की पढ़ाई तक सीमित न रहकर व्यावहारिक अनुभवों से भी समृद्ध हो सके। परिभ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं राजगीर और नालंदा के ऐतिहासिक महत्व को समझेंगे तथा वहां के प्रमुख स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

विद्यार्थियों के साथ मार्गदर्शन के लिए विद्यालय की शिक्षिकाएं विभा कुमारी और मनीषा सिंह के साथ शिक्षक बिरजू सिंह, धनंजय कुमार और सुनील कुमार को भी भेजा गया है, जो यात्रा के दौरान बच्चों को विभिन्न स्थलों के बारे में जानकारी देंगे। विद्यार्थियों की इस शैक्षणिक यात्रा को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। पंचायत के मुखिया, सरपंच तथा पंचायत समिति के सदस्यों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह पहल विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

## अज्ञेय की जयंती पर आयोजित हुआ सामयिक संवाद

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** जिला मुख्यालय स्थित साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में महान साहित्यकार सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' की 115वीं जयंती के अवसर पर सामयिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र तथा महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने अज्ञेय के साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अज्ञेय प्रयोगवाद और नई कविता को हिंदी साहित्य में प्रतिष्ठित करने वाले प्रमुख कवियों में से एक थे। वे बहुआयामी प्रतिभा के धनी और प्रखर रचनाकार थे।

